हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 26 फरवरी 2025


तापमान
अधिकतम 34.8 डिग्री
न्यूनतम 15.6 डिग्री


12 भोथली में गीता जयंती पर विधायक हुए शामिल




12 कालोनाइजर ने लिया स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने का संकल्प





# महाशिवरात्रि आजः शिवलिंग पर कठोर सामग्री अर्पित कर रगड़ें नहीं भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




बुधवार को महाशिवरात्रि है। इस दिन श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में शिव मंदिर पहुंचते है और पूजा अर्चना करते है। श्रद्धालुजन अपनी-अपनी भावना से शिवलिंग को सामग्री भी समर्पित करेंगे। ट्विनसिटी के भागवताचार्य व आचार्य श्रद्धालुगणों को शिवरात्रि पर फलदायक पूजा अर्चना करने की विधि-विधान बताए।

### टोटके के उपाय शिवजी के लिए कष्टदायक : आचार्य संदीप तिवारी



रामभद्र सेवा मंडल सेक्टर 2 के आचार्य संदीप तिवारी कहते हैं कि शिव जी को जौ, मखाना, मसूंर दाल, फल्ली, गेंहू, चना चढ़ाने का महत्व है। शास्त्रों में इसका उल्लेख है। शिवजी को सप्तधान चढ़ाया जाता है। आजकल लोग कथावाचकों के टोटके के हिसाब से उपाय करने लगे हैं। जिससे शिवजी के लिए कष्टदायक है। शिवलिंग को रगड़ना नहीं केवल स्पर्श करना चाहिए। जो भी पूजन सामग्री अर्पित करते हैं और वह कठोर है जो उसे केवल स्पर्श करवाकर जलहरि के पास रखना है। कुछ लोग रोटी चढ़ा देते हैं जिसका कोई मतलब ही नहीं है।

### खड़ा मूंग, चावल, श्रीफल समर्पित करना विधान में: पं. संतोष अवस्थी



कथावाचक पं. संतोष अवस्थी महराज का कहना है कि शिवजी की पूजा विधान में खड़ा मूंग, चावल, श्री फल, शक्कर, काला तिल आदि सामग्री चढ़ाना शामिल है। भक्त अपनी विशेष कामना लेकर इस तरह की सामग्री अलग-अलग भगवान शिव को अर्पित करते हैं। सामान्य पूजन में धतूरा का फूल, मंदार पुष्प, बेलपत्र, घी, दूध , दही, मधुरस, जैसी सामग्री चढ़ाई जाती है। सबसे प्रमुख जल है। जल समर्पित कर देने से ही भगवान भोलेनाथ प्रसन्न हो जाते हैं और उनकी मनोकामना पूरी कर देते हैं। भक्तगण ऐसी सामग्री अर्पित करें लेकिन कठोर सामग्रियों से रगड़ना नहीं हैं।

### विशेष स्नान में रगड़ते हैं इससे सुंदरता बढ़ती है: पं. महेश तिवारी



पं. महेश तिवारी कहते हैं कि भक्तगणों को दुग्धाभिषेक और रूद्राभिषेक और जलाभिषेक करना चाहिए। शिवजी की पूजा 16 प्रकार के विधान से होती है। जैसी मनोकामना भक्तों की होती है वैसा ही सामग्री चढ़ाने का भी विधान उल्लेखित है। विशेष स्नान जब शिवजी की करवाते हैं तो उसमें शिवलिंग को रगड़ते हैं। इसमें कठोर सामग्री नहीं होती। लेपन जैसी सामग्री होती है। इससे क्षरण नहीं उनकी सुंदरता बढ़ जाती है। फिर शिवजी का श्रृंगार होता है।

### बेलपत्र की टहनी को न पहुंचाएं नुकसानः पं. विनोद चौबे



ज्योतिषाचार्य एवं श्रीमद्भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य पंडित विनोद चौबे बताते है कि भगवान शिव को पत्रों में विशेष रूप से बेलपत्र और शमीपत्र बहुत प्रिय है, महाशिवरात्रि पर 11 बेलपत्र जरुर चढ़ाएं एक बेलपत्र चढ़ाने से तीन जन्मों का पाप नष्ट हो जाता है। हां बेलपत्र चढ़ाने का महत्व है बेल की टहनी अथवा बेल का फल नहीं अर्थात बेल वृक्ष को बिना नुकसान पहुंचाए ही मात्र एक एक बेलपत्र तोड़-तोड़कर भगवान शिव को समर्पित करें। केतकी, नागकेसर और मालती का पुष्प भूलकर भी शिवजी को अर्पित न करें। भगवान शिव को कनेर, हारसिंगार, नीलपुष्प, शमीपत्र, अतसी पुष्प के अलावा काला तिल चढाने से महापाप भी नष्ट हो जाते हैं। पं. चौबे ने बताया कि यव (जौ) चढ़ाने से स्वर्ग तुल्य सुख, गेंहू चढ़ाने से सन्तति की वृद्धि होती है , शिवमहापुराण मे कहा गया है कि - कमलैर्विल्वपत्रैश्च शतपत्रैस्तथा पुनः। शंखपुष्पैस्तथा देवं लक्ष्मीकामोर्चयेच्छिवम्। भगवान शिव को जलधारा अत्यधिक प्रिय है 'जलधारा प्रियो शिवः' इसके अलावा शुद्ध देसी गाय का दूध चढ़ाने से पुत्र की प्राप्ति अथवा पुत्र को सुदीर्घता की प्राप्ति, घी के धारा से लक्ष्मी जी की प्राप्ति, शहद से श्रीर्लक्ष्मी की प्राप्ति। भगवान शिव को महाशिवरात्रि पर मालपुआ का भोग अवश्य लगाएं। असाध्य रोगों के शमन के लिए कुशोदक से स्नान कराएं 'व्याधि-शान्त्यै कुशोदकैः'। उन्होंने बताया कि चार प्रहर की पूजा महाशिवरात्रि के दिन भक्तों को जरूर करना चाहिए। साथ ही मंत्र जाप भी जरूरी है। तभी फल की प्राप्ति हो पाती है।

## खबर संक्षेप

### डब्लूआरएस और शक्ति थापा ने जीता मैच



**भिलाई।** लोटस ट्राफी के पांचवे दिन भिलाई तीन स्थित मिनी स्टेडियम में संपन्न हुआ। आठ दिवसीय रात्रि कालीन फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन संयोजक प्रेमलाल साहू ने बताया कि चालीस प्लस में डब्ल्यूआरएस रायपुर -1 और स्टार स्पॉटिंग दुर्ग, राज मेमोरियल दुर्ग, डब्ल्यू आर एस रायपुर 2 के मध्य फूटबाल खेल गया। जिसमें डब्ल्यू आर एस रायपुर 1-2 ने मैच को जीता। जूनियर में चांपा शक्ति, न्यू मशाल क्लब जूनियर के मध्य मैच खेला गया। जिसमें चांपा शक्ति ने 4-1 से मैच जीत लिया। इस अवसर पर जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई तीन के सेवानिवृत प्राचार्य मुख्य अतिथी केआर साहू थे। पार्षद डे साहब वर्मा, राम कुमार साहू, भोलानाथ तांडी विशेष रुप से मौजूद थे। मैच में न्यू मशाल क्लब की टीम समेत खेल प्रेमी मौजूद थे।

### सीसी चर्च में चोरी का प्रयास, अपराध दर्ज

**भिलाई।** सेक्टर 6 स्थित सीसी चर्च में चोरी का प्रयास करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 331(3)के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सुन्दर नगर कैम्प 1 वार्ड 31 निवासी एस चन्द्र शेखर सीसी चर्च सेक्टर 6 का सहायक पादरी है। शिकायत किया है कि 20-22 फरवरी की रात अज्ञात चोर ने चर्च के बाउंड्रीवाल को फांदकर चर्च में रखे दानपेटी को चोरी करने की नीयत से प्रवेश किया। एवं दानपेटी को तोड़ने का प्रयास कर फरार हो गया। पुलिस चोर की तलाश में जुटी हुई है। चोरी के आरोपी को तलाशने पुलिस जुटी हुई है। भिलाई नगर थाना क्षेत्र में चोरी की वारदाते लगातार बढ़ रही है। इसके चलते दुकान, मकान, मंदिर तक सुरक्षित नहीं है। पुलिस की पेट्रोलिंग समय पर नहीं होने पर लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। इसे रोकने भिलाई नगर पुलिस फेल होती दिखाई दे रही है।

### ओड़िसा से गांजा लेकर बैतूल के लिए निकला था आरोपी

# नकली पैर वाले दिव्यांग युवक से लाखों का गांजा जब्त, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गांजा का तस्करी करते पुलिस ने एक दिव्यांग युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी जयपुर का नकली पैर लगाकर कारोबार किया करता था। घटना का खुलासा करते हुए सीएसपी अजय सिंह ने बताया कि एसीसीयू व पदमनाभपुर की टीम ने मुखबिर की सूचना पर अज्ञात युवक को जयपुर का नकली पैर लगाए दुर्ग बस स्टैण्ड में एमपी जाने का इंतजार कर रहा था। युवक के पास 2 कपडे का बैग रखा था। जिसमें कुछ आपत्तिजनक सामान रखने की जानकारी मिली। विशेष टीम ने बस स्टैण्ड यात्री प्रतिक्षालय दुर्ग में घेराबंदी कर युवक को पकड़ा गया। पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम बगडोना बस्ती, थाना सारनी, तहसील घोराडोंगरी, जिला बैतुल, मध्य प्रदेश निवासी धीरज वर्मा बताया है। उसके पास से पुलिस ने दोनो बैग से 2-2 किग्रा. का 6 नग पैकेट में गांजा जब्त किया गया। जिसका वजन 12 कि.ग्रा. के करीब है। आरोपी युवक गांजा को उड़िसा खरियार रोड से बेचने के लिए जिला बैतूल मध्य प्रदेश लेकर जा रहा था। इस दौरान आरोपी की बहन उसके साथ मिलकर गांजा का पुड़िया बनाकर बेचने के लिए ले जाना स्वीकार किया। आरोपी का एक पैर से विकलांग है और जयपुर से नकली पैर चलने फिरने के लिए लगाया करता है। उड़िसा खरियार रोड से बस से दुर्ग बस स्टैण्ड पहुंचा था। यहां बस पकड़कर मध्य प्रदेश जाने की तैयारी में था। उक्त गांजा की कीमत 1.50 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। उक्त कार्रवाई में एसीसीयू से प्रधान आरक्षक मेघराज चेलक, आरक्षक राजकुमार चंद्रा, अजय ढीमर और पदमनाभपुर पुलिस का योगदान रहा है।

**दुर्ग स्टैण्ड में बस का कर रहा था इंतजार**



#### इसी रुट से तीन बार गांजा तस्करी किया

पुलिस पूछताछताछ में आरोपी धीरज ने बताया कि इसी रुट से तीन बार एमपी के लिए गांजा लेकर जा चुका है। दुर्ग वाले रुट में कई बार चेकिंग तक नहीं हुआ करता था। इस कारण तस्करी हो गई लेकिन नए साल से लगातार चेकिंग से तस्कर खासे परेशान हो रहे है और गांजा का कारोबार करने वाले लगातार पुलिस गिरफ्त में आ रहें है। एसीसीयू के डीएसपी हेमप्रकाश नायक की टीम को सूचना मिलने पर टीम बनाकर तुरंत दुर्ग बस स्टैण्ड में भेजा। विकलांग युवक की जानकारी जुटाने के बाद आरोपी को ट्रेस कर पकड़ लिया गया।

### सुपेला पुलिस ने किया जुर्म दर्ज

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से कर्ज लेना पड़ा महंगा, रिकवरी गुर्गों ने सिर फोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के गुर्गो ने किश्त नहीं पटाने पर युवक के साथ मारपीट कर सिर फोडने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने तीन गुर्गो के खिलाफ पुलिस ने धार 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

सुपेला पुलिस ने बताया कि फरीद नगर निजामी चौक निवासी फारुख सैय्यद सप्ताहिक बाजार मे कपडे का दुकान लगाता है। तीन माह पहले पूर्व तव्कल मोबाईल स्टोर सुपेला से एक आलमारी 12 हजार 500 रुपए और मोबाइल 12 हजार 500 रुपए का खरीदा था। जिसका 25 हजार रुपए का फायनेंस आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से कराया था। इसके लिए फारुख ने 6 हजार रुपए डाउन पेमेन्ट किया था। प्रतिमाह उसे बैंक को 2150 रुपए किश्त जमा करना था। तीन माह तक लगातार बैंक में किश्त नहीं पटाया था। माह फरवरी का किश्त आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण जमा नहीं कर पाया था। 23 फरवरी को आईडीएफसी फर्स्ट बैक के गुर्गे (रिकवरी एजेंटो) तीन लोग उसे बैंक का किश्त जमा करने बोले। इस दौरान फारुख ने उनसे 24 फरवरी को ऑन लाईन पेमेन्ट करने की बात कही थी। फिर 24 फरवरी को फारूख अपना मोबाइल जिसे बनाने के लिये मोबाईल स्टोर सुपेला मे दिया था। उसे लेने गया था उसी समय शाम 7 बजे आईडीएफसी फार्स्ट बैक के तीन गुर्गे (रिकवरी एजेन्ट) अचानक पहुंच गए। पीड़ित से किश्त जमा करने बोले। तो उनसे रुपए नहीं होने की बात फारुख ने कह दिया। इसी बात को लेकर तीनों गुर्गो ने पीड़ित से विवाद कर गाली गलौज करना शुरु कर दिया। उनमें से एक गुर्गे ने अपना बेल्ट और बांस के डंडा, हाथ मुक्के से पिटाई करना शुरु कर दिया। मारपीट से फारुख के सिर पर चोट आई है।

- मोबाइल और आलमारी बैंक से फायनेंस कराया
- तीन माह से लगातार किस्त नहीं पटा रहा था

# केंद्रीय जेल दुर्ग में महिला और पुरुष बंदियों ने किया गंगा स्नान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेंट्रल जेल दुर्ग में महिला और पुरुष बंदियों के लिए गंगा जल स्नान का आयोजन जेल प्रशासन द्वारा किया गया। इससे जेल का माहौल प्रयागराज महाकुंभ की तरह भक्तिमय बना रहा। प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर प्रयागराज त्रिवेणी संगम से गंगाजल लाया गया। गंगाजल की पूजा अर्चना के बाद बंदियों को पुण्य स्नान का अवसर मिला।

प्रयागराज में महाकुंभ का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। देश -विदेश से श्रद्धालु गंगा में स्नान कर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। इस दौरान छत्तीसगढ़ सरकार ने उन बंदियों के लिए विशेष इंतजाम किया, जो महाकुंभ में शामिल नहीं हो सकते। केन्द्रीय जेल दुर्ग में अस्थायी घाट बनाकर त्रिवेणी संगम का जल लाया गया और कैदियों ने आस्था के साथ स्नान किया। महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं का आना जारी है। लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने एक अनूठी पहल करते हुए राज्य की सभी जेलों में बंद कैदियों के लिए पुण्य अर्जन का अवसर दिया। आयोजन मंगलवार को केन्द्रीय जेल दुर्ग में संपन्न हुआ। प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से पवित्र गंगा जल मंगवाया गया। बंदियों ने श्रद्धा के साथ इस आयोजन में हिस्सा लिया और जेल प्रशासन व राज्य सरकार का आभार जताया।

**1965 बंदियों ने किया स्नान**



#### माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया

जो बंदी महाकुंभ में नहीं जा सकते, उनके लिए यह धार्मिक आयोजन किया गया। इस अनूठी पहल से जेल का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। इस तरह का आयोजन सभी जेलों में हुआ है। गंगा स्नान करने वाले कुल 1965 बंदियों में से 128 महिला बंदी हैं।

-मनीष संभाकर
जेल अधीक्षक दुर्ग

# शराब पीने के लिए रुपए की डिमांड नहीं देने पर मारपीट, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नाबालिग से शराब पीने के लिए रुपए का डिमांड कर मारपीट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 327, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मार्च 2024 को नाबालिग परीक्षा दिलाने के लिये मुक्तिधाम हायर सेकेण्डरी स्कुल रामनगर गया था। परीक्षा दिलाकर नाबालिग दोस्त के साथ पैदल घर जा रहा था। इस दौरान गायत्री मंदिर के सामने स्वीपर बस्ती जलेबी चौक निवासी एस.रोहित अपने दो दोस्तों के साथ नाबालिग से शराब पीने रुपए का डिमांड किया। रुपए देने से इंकार करने पर नाबालिग के साथ लूटपाट कर गाली गलौज करना आरोपी ने शुरु कर दिया। इसके अलावा आरोपी नाबालिग को जान से मारने तक की धमकी दे डाली। परेशान नाबालिग तुरंत अपने घर चला गया। घटना में नाबालिग के सिर ,होठ में चोट आई थी। शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही।

मुखबिर की सूचना पर आरोपी एस रोहित को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसके साथ एस.सुदर्शन, डी वंशी थे। फरार आरोपी एस.सुदर्शन, कैम्प-1 सुंदर नगर को भी पकड़ा गया। फरार डी वंशी की तलाश में पुलिस है।

- वैशाली नगर पुलिस की कार्रवाई

# विधानसभा में विकास कार्यों के प्रस्तुतिकरण की विधायक रिकेश सेन को मिली अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- नंदिनी रोड से बोगदा पुलिया, कुरूद, अवंति बाई चौक, गदा चौक सुपेला तक मुख्य सड़क के दोनों ओर फुटपाथ निर्माण का प्रस्ताव

विधायक रिकेश सेन द्वारा मंगलवार को बजट सत्र के दो अहम याचिकाओं को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्वीकार करते हुए मंगलवार को सदन में प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान की है। प्रथम याचिका में वैशाली नगर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत नंदिनी रोड से बोगदा पुलिया, कुरूद, अवंति बाई चौक, गदा चौक सुपेला तक मुख्य सड़क के दोनों ओर फुटपाथ निर्माण करने एवं नंदिनी रोड नाले के दोनों ओर केनाल रोड निर्माण करने के संबंध में अपनी द्वितीय याचिका दी थी जिसका सदन में प्रस्तुतिकरण होना है।

# मयूरा इंफ्रास्ट्रेक्चर में कर्मी की मौत, ठेकेदार के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मयूरा इंफ्रास्ट्रेक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी हथखोज में तीन दिन पहले एक श्रमिक की काम करने के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस जांच में कंपनी के ठेकेदार के लापरवाही के कारण श्रमिक वार्ड 21 इंदिरा नगर चरोदा निवासी प्रवीण चंद्राकिपुरे के ऊपर भारी वजनी लोहा गिरा जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई थी। जांच के बाद पुलिस ने दलीप परिसर कालीबाडी चौक कैलाश नगर जामुल निवासी ठेकेदार विजय किशन सूर्यवंशी के खिलाफ कार्रवाई किया है। 21 फरवरी को घटना की सूचना परिजनों को मिली थी। जिसकी पुलिस में एम्बुलेंस चालक रविकांत सुनहरे शिकायत की थी। कंपनी प्रबंधन ने प्रवीण को अस्पताल उपचार के लिए राम नगर स्थित निजी अस्पताल में लाया गया था। चिकित्सकों ने चेक कर मृत घोषित कर दिया था।

**बाइक सवारों ने की मारपीटः भिलाई।** मारपीट कर जेब से मोबाइल लेकर फरार होने वाले चार अज्ञात युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि अवतार सिंह नामक हाउसिंग बोर्ड से अपने घर लौट रहा था। मगध तैलिक भवन के पास पहुंचा ही था। दो अज्ञात बाइक में चार युवक पीड़ित के बाइक को लात मारकर गिरा दिया। पीछा करने पर युवकों ने राम नगर मुक्तिधाम रोड में पीछे सेबाइक को फिर ठोकर मारा और गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया।













# जातिगत समीकरण रहा तो एससी वर्ग में सबसे ज्यादा प्रत्याशी का रहेगा विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अलग खबर

नगरनिगम में सभापति पद के लिए अगर जातिगत समीकरण पर विचार किया गया तो एससी वर्ग से सबसे ज्यादा आधा दर्जन सीट प्रत्याशियों ने जीतकर लाया है। वही दूसरे नंबर पर कुर्मी वर्ग के प्रत्याशियों का नगरनिगम में दबदबा रहेगा। बहरहाल सभापति के चयन का क्या आधार रहेगा, यह पार्टी की गोपनीयता में हैं। लेकिन चर्चा ऐसी है कि, अनुभव के आधार पर भी विचार किया जा सकता है।

जबकि अनुभव के आधार पर देखे तो चार बार के पार्षद चंद्रशेखर चंद्राकर, देवनारायण चंद्राकर और कांशीराम कोसरे शामिल हैं। तीन बार में ज्ञानेश्वर ताम्रकार और दो बार में मनीष साहू, लीना दिनेश देवांगन, श्याम शर्मा सहित आधा दर्जन से अधिक नाम हैं। जानकारी अनुसार साठ सीट वाली नगरनिगम में भाजपा के चालीस पार्षद जीतकर आए हैं। जातिगत समीकरण को देखे तो यहां एससी के आधा दर्जन प्रत्याशियों में वार्ड 19 रंजीता पाटिल, 22 कांशीराम कोसरे, 37 शिव नायक, 44 मनीष कोठारी, 47 डां देवनारायण तांडी और 54 हिरौंदी चंदानिया को प्राथमिकता दी जा सकती हैं। इस वर्ग में काशीराम कोसरे का नाम भी पहले नंबर पर है। वहीं दूसरे नंबर पर कुर्मी समाज से देवनारायण चंद्राकर 18, शेखर चंद्राकर 10, आशीष चंद्राकर 11, सरिता चंद्राकर 40, गुलाब वर्मा 39 हैं। इसी तरह साहू वर्ग से मनीष साहु 1, शशि साहू 33, कुलेश्वर साहू 35 और गुलशन साहू 52 हैं। वहीं देवांगन समाज से लीना दिनेश देवांगन 4, गोविंद देवांगन 2 और कमल देवांगन 34 हैं। सेन समाज से सुरूचि सेन 17, ममता सेन 28 और रामचंद्र सेन 38 हैं। एसटी वर्ग से ललिता ठाकुर 14, युवराज कुंजाम 15 और लोकेश्वरी ठाकुर 48 हैं। अग्रवाल वर्ग से निलेश अग्रवाल 6 और संजय अग्रवाल 45 हैं। ब्राम्हण वर्ग से श्याम शर्मा 30 हैं। जैन वर्ग से हर्षिता जैन 31 हैं। ढीमर समाज से नरेन्द्र बंजारे 3, ताम्रकार वर्ग से ज्ञानेश्वर ताम्रकार 9, ठाकुर वर्ग से विद्यावती ठाकुर 21, नीलम सिंह परिहार 59 हैं। निर्मलकर (धोबी) से सरस निर्मलकर 57, सोनकर से रेश्मा सोनकर 58 महोबिया से जीतु महोबिया 32 और गडरिया से लीलाधर पाल 46 व सोनी से मनोज सोनी 23 और मुस्लिम से खालिद रिजवी 8, ईसाई वर्ग से साजन जोसेफ 51 व अन्य वर्ग से सावित्री दमाहे 20 सहित अन्य शामिल हैं।

## जातिगत समीकरण चला तो एससी वर्ग के लिए रहेगा आसान रास्ता

### कुर्मी का विकल्प दूसरे नंबर पर

सभापति के लिए चर्चा के अनुसार कुर्मी समाज से खुद मेयर अल्का बाघमार आती हैं। वही कुर्मी के रहवासी पटरी पार इलाके में ही समाहित हैं। ऐसे में पांच कुर्मी प्रत्याशी होने के बाद भी इस वर्ग को भाजपा साधने से परहेज कर रही है। वही पहले विकल्प के रूप में अब तक सामने आए रूझान के अनुसार भाजपा एससी वर्ग को साध सकती है। क्याकि इस वर्ग के प्रत्याशी का बहुमत सदन में अधिक होगा।




### कांग्रेस की निजी होटल में गुप्त बैठक

सभापति को लेकर कांग्रेस ने गंभीरता दिखाई है। खबर है कि, मंगलवार को शहर के एक निजी होटल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने बैठक लेकर सभापति के लिए नाम पर रायशुमारी कर ली हैं। खबर है कि कांग्रेस ने भास्कर कुंडले और संजय कोहिले के नाम को आगे बढाने सहमति बनाई हैं। वही नेता प्रतिपक्ष के लिए वार्ड चार से विजयंत पटेल पर विचार कर रही हैं।

## खबर संक्षेप



### वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन

दुर्ग । भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम वित्तीय समझदारी, समृद्ध नारी, वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन जिला अग्रणी बैंक कार्यालय दुर्ग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र जामगांव आर, करंजा भिलाई में किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को बजट, बचत एवं जिम्मेदारीपूर्ण उधार, सामान्य बैंकिंग, एटीएम का इस्तेमाल, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, लोन, क्रेडिट स्कोर, जमा योजनाओं, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा, सचेत पोर्टल, विविधीकरण, डिजिटल धोखाधड़ी एवं बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही 14448 आरबीआई बैंकिंग लोकपाल एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न सेवाओं, योजनाओं आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में दुर्ग एलडीएम प्रकाश राव, वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षक लेखराम ध्रुव, विभागीय अधिकारियों के साथ प्रशिक्षु महिलाएं उपस्थित रहीं।

### जेवरा सरपंच धनेश ने लिया सांसद से आशीर्वाद



दुर्ग। ग्राम जेवरा में सरपंच पद हेतु भाजपा समर्थित धनेश नागवंशी ने 650 मतों के अंतर से विजय हासिल किया। इसके साथ ही इनके पैनल के अधिकांश पंचों ने भी अपने वार्डों में विजय हासिल की। विजय जुलूस के उपरांत जेवरा सरपंच धनेश नागवंशी ने सांसद विजय बघेल के निवास स्थान पहुंचकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उनके साथ नवनिर्वाचित पंच मोहनी नागवंशी, मीनू साहू, काव्य पटेल, धनेश्वरी साहू, सोनिया पटेल, खिलेश्वरी देशमुख, सिया नेताम, फुलेश्वरी साहू, रेखा साहू, भूपेंद्र सपहा, संतोष साहू उपस्थित रहे।

### आदर्श आचरण संहिता प्रभाव शून्य घोषित

दुर्ग । छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 हेतु जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार 25 फरवरी को परिणामों की घोषणा के साथ निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने के फलस्वरूप आदर्श आचरण संहिता प्रभाव शून्य घोषित कर दी गई है।

## राजनीतिक कसरत: ट्रिपल की सरकार बनाने भाजपा को बहाना पड़ रहा पसीना

# पाटन में तीन निर्दलियों का समर्थन दो जपं. में भी सरकार बनाने का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

केन्द्र से राज्य तक भाजपा की कमल खिलने के बाद अब पंचायत में बीजेपी को सरकार बनाने मशक्कत करनी पड रही हैं। जिले के तीन जनपद में पाटन से तीन निर्दलियों का समर्थन मिलने के बाद भाजपा यहां सरकार बनाने को लेकर आश्वस्त हैं। वही दुर्ग जनपद में भी पूरी तरह से समर्थन मिलने का दावा किया जा रहा हैं। इधर धमधा में भी चुनाव के बाद भाजपा पूरी तरह से समर्थन जूटाने में जूट गई हैं।

उल्लेखनीय हैं कि, पहले चरण में दुर्ग जनपद के 24 सीट में भाजपा को 10, कांग्रेस को आठ और 6 निर्दलीय जीतकर आए हैं। यहां बहुमत को लेकर भाजपा नेताओं का कहना हैं कि, वे यहां बहुमत के साथ भाजपा की अध्यक्ष बनाने पूरी तरह आश्वस्त हैं। यहां समर्थन देने वालों का नाम भाजपा ने गोपनीय रखा है। वहीं दूसरे चरण में पाटन के 25 सीट में भाजपा को दस व कांग्रेस को आठ सीट मिले है। यहां मजे की बात यह है कि, जो सात सीट में निर्दलीय जीतकर आए हैं। वे सभी कांग्रेस से बागी होकर लडे हैं। ऐसे में यहां भी भाजपा ने दावा किया है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि, दुर्ग, पाटन और धमधा में पूरे बहुमत के साथ अध्यक्ष और उपाध्यक्ष उनकी पार्टी की ही बन रही हैं।

### खास बातें

- दुर्ग के 24 सीट में बहुमत के लिए तेरह सीट
- पाटन और धमधा में 25-25 सीट के लिए तेरह का समर्थन जरूरी
- भाजपा दुर्ग-धमधा को छोड़कर पाटन के लिए पूर्ण आश्वस्त

### पाटन से कांग्रेस के बागी तीन निर्दलीय का भाजपा प्रवेश









### धमधा में भी भाजपा की बढ़ी मुश्किलें

तीसरे चरण का चुनाव धमाधा में हुआ था। यहां 25 सीट के लिए चुनाव कराया गया। बहरहाल जिला निर्वाचन आयोग द्वारा जीतने वाले प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र का वितरण भी कर दिया गया हैं। लेकिन भाजपा और कांग्रेस अपने प्रत्याशियों को गोपनीय रखे हुए है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा का कहना है कि, यहां वे आश्वस्त हैं। ऐसे में नाम जारी कर भाजपा रिस्क लेने नही चाह रही हैं।

### पाटन में कांग्रेस के तीन बागी का भाजपा को समर्थन

पाटन ब्लॉक के नवनिर्वाचित तीन जनपद सदस्यों ने जिला भाजपा कार्यालय दुर्ग पहुंचकर जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन, निवर्तमान जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पाध्ये, दिलीप साहू के समक्ष भाजपा प्रवेश किया। क्षेत्र के नवनिर्वाचित तीन निर्दलीय जनपद सदस्यों ने मंगलवार को भाजपा में प्रवेश लिया। नवनिर्वाचित निर्दलीय जनपद सदस्यों में कमलेश वर्मा, कुसुमलता राकेश आडिल और दुलौरिन यादव शामिल हैं।

### जिला कार्यालय में कराई गई प्रत्याशियों को प्रवेश

भाजपा दुर्ग और धमधा के प्रत्याशियों को लेकर गोपनीयता बरत रही है। लेकिन पाटन में तीनों निर्दलीय के नाम सार्वजनिक किए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबियों में से एक रहे पाटन क्षेत्र के कमलेश वर्मा ने प्रतिष्ठित गांव बोरेंदा से निर्विरोध सरपंच रहते हुए लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़कर काम किया और निर्विरोध सरपंच बनने के बाद इस बार कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय जनपद सदस्य निर्वाचित हुए। कमलेश वर्मा के भाजपा प्रवेश से पाटन कांग्रेस को जबरदस्त झटका लगा हैं। वहीं कुसुमलता आडिल ग्राम पंचायत कसही के निवर्तमान सरपंच और मनवा कुर्मी समाज पाटन राज के युवा अध्यक्ष राकेश आडिल की पत्नी है। ग्राम गाड़ाडीह निवासी जनपद सदस्य दुलौरिन यादव के पुत्र खिलेश यादव सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में पाटन क्षेत्र में लगातार सक्रिय है।

# मतदाता सूची में लापरवाही, उप अभिंयता सहित तीन निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मतदाता सूची तैयार करने व वितरण करने में लापरवाही बरतने के कारण जिला निर्वाचन अधिकारी ने उप अभियंता सहित एक शिक्षक और राजस्व निरिक्षण को निलंबित कर दिया है। चुनाव के निपटने के बाद कलेक्टर द्वारा लगातार ऐसे लापरवाही अधिकारियों पर कार्यवाही की गाज गिराई जा रही हैं।

- पदीय दायित्वों के निर्वहन में चूक करने पर तीन निलंबित

कलेक्टर एव जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 20 क तथा सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियमों के विपरीत कार्य किए जाने पर तीन कर्मचारी क्रमशः रामकुमार मर्सकोले शिक्षक जेआरडी आत्मानंद स्कूल दुर्ग, विनीत वर्मा सहायक राजस्व निरीक्षक नगर पालिक निगम दुर्ग और हरिशंकर साहू उप अभियंता नगर पालिक निगम दुर्ग को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता पाने की पात्रता होगी। कलेक्टर के आदेशानुसार निलंबन पश्चात शिक्षक मर्सकोले का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुर्ग, सहायक राजस्व निरीक्षक श्री वर्मा का मुख्यालय नगर पालिक निगम रिसाली और उप अभियंता श्री साहू का मुख्यालय नगर पालिक निगम रिसाली रहेगा।

आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। ज्ञात हो कि उक्त कर्मचारियों की ड्यूटी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी दुर्ग द्वारा नगर पालिक निगम दुर्ग के निर्वाचक नामावली तैयार करने लगाई गई थी। इन्होंने निर्वाचक नामावली तैयार करने के पदीय दायित्वों के निर्वहन में चूक एवं लापरवाही बरते है।

# भोथली में गीता जयंती पर विधायक हुए शामिल

दुर्ग। भोथली में यादव समाज द्वारा आयोजित गीता महोत्सव में विधायक गजेन्द्र यादव सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में समाज के गौरव के रूप में उन्हें सम्मान किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित सामाजिकजनों ने उनके समक्ष समाज के भवन व अन्य मांग किए गए। इस दौरान समाज की महिलाओं ने पारंपरिक एवं सांस्कृतिक गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि, कोसरिया यादव समाज खाड़ा सर्किल द्वारा आयोजित गीता जयंती समारोह में शामिल होने का अवसर मिला। समारोह के दौरान समाज में शिक्षा, संस्कार, और सामाजिक उत्थान को बढ़ावा देने उत्साहवर्धन किये।



साथ ही, शासन की विभिन्न योजनाओं और नीतियों से समाज के अधिकतम लोगों को लाभान्वित करने के विषय पर जानकारी साझा किये। उन्होंने आगे कहा कि समाज को शिक्षा का महत्व समझना चाहिए। समाज के सभी लोगो का शिक्षित होना जरूरी है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रीतपाल बेलचंदन, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा, समाजसेवी मुकेश बेलचंदन, पार्षद कुलेश्वर साहू, क्षेत्र के नवनिर्वाचित सरपंच एवं जनपद सदस्य, शंकर यादव, रामचंद्र यादव, बरातु यादव, हरीश यादव, भोजराज, अर्चना यादव, दमयंतीन, मालती यादव, रामेश्वरी यादव सहित समाज के अनेक गणमान्य पदाधिकारीगण एवं सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# लक्ष्मण झूला एवं शिवनाथ रिवर फ्रंट का निर्माण कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



छत्तीसगढ़ मंच ने शहर के सक्रिय विधायक गजेन्द्र यादव एवं नव निर्वाचित महापौर श्रीमती अल्का बाघमार से शहर की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी महमरा तट में लक्ष्मण झूला एवं शिवनाथ रिवर फ्रंट के निर्माण योजना को मूर्त रूप देने की मांग की है। छत्तीसगढ़ मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने कहा कि विधायक एवं महापौर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर संकल्प लेकर शहरवासियों के लिए सुकून भरा मनोरंजन स्थल पिकनिक स्पॉट एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर इस महत्वपूर्ण योजना को मूर्त रूप दे सकते है। ज्ञात हो कि पूर्व छत्तीसगढ़ शासन में उक्त योजना की स्वीकृति प्रदान की गई थी । परन्तु इस दिशा में अब तक कोई पहल नहीं किया गया।

मंच के दाऊ चंद्रिका दत्त चंद्राकर, रमन सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष गुलाब चौहान सहित अन्य लोगों ने विधायक गजेन्द्र यादव एवं नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती अल्का बाघमार से जल्द से जल्द शहर की इस महत्वपूर्ण योजना को मूर्त रुप देकर शहरवासियों का सपना साकार करने की मांग की हैं।

### नर्सरी प्रबंधन प्रशिक्षण 3 मार्च से, हो सकते हैं शामिल

दुर्ग। कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा अ द्वारा नर्सरी प्रबंधन पर 03 से 8 मार्च तक 6 दिवसीय निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 18 से 40 वर्ष के ग्रामीण युवाओं को व्यवसायिक नर्सरी प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया जाना है। इच्छुक युवा प्रशिक्षण में सम्मिलित होने हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा अ दुर्ग से सम्पर्क कर सकते हैं।

## बीआईटी में 3 से 10 मार्च तक विभागीय परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन, गृह-सी विभाग (विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ) मंत्रालय नया रायपुर द्वारा 3 से 10 मार्च तक विभागीय परीक्षा आयोजित करने का कार्यक्रम घोषित किया गया है। संभाग मुख्यालय दुर्ग में विभागीय परीक्षा हेतु भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) दुर्ग को परीक्षा केन्द्र नामांकित किया गया है। संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने बीआईटी के प्राचार्य को पत्र जारी कर पूर्व वर्षों की विभागीय परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु संस्थान के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए आगामी विभागीय परीक्षा के लिए संचालन हेतु 3 से 10 मार्च तक की अवधि के लिए आवश्यकतानुसार 4 कक्ष आरक्षित कर परीक्षार्थियों की बैठक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर संभाग आयुक्त कार्यालय को सूचित करने कहा है।

# कालोनाइजर ने लिया स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण की दी समझाईश स्वच्छता के लिये नगारिक दे रहे हैं। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने ऋषभ हेरिटेज, लेकव्यू अपार्टमेंट सोसायटी, वर्धमान ट्रस्ट, ऋषभ सिटी, ऋषभ साउथ व ऋषभ कालोनी सहित अन्य अपार्टमेंट के समितियों के समस्यों के साथ हुई। बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि शहर के समस्त कालोनी, घरों आदि से 100 प्रतिशत गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक संग्रहित किये जाने हेतु नगर निगम टीम द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को स्वच्छता बनाये रखने गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक रखने की समझाईश दी जा रही है।नगर निगम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण हेतु घरों एवं दुकानों में पृथक-पृथक कचरा पात्र रखकर पृथक-पृथक कचरा एकत्रिकरण व गीले एवं सूखे कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डालने की समझाईश दी। नवनिर्वचित महापौर अलका बाघमार एवं निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिये भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये स्वच्छता एप की जानकारी निगमकर्मियों को दी।

- आयुक्त ने स्वच्छता सर्वेक्षण की दी जानकारी

### आज पशु वध व मांस बिक्री प्रतिबंधित

दुर्ग। नगर निगम क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर 26 फरवरी को मांस-मटन का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं।

## मेयर ने अफसरों के साथ मेला स्थल की देखी व्यवस्था

# शिवनाथ तट पर बनेगा बर्फ का शिवलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शिवनाथ स्थित महमरा घाट पर मेला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। बुधवार सुबह 8 बजे महाआरती और भगवान शिवजी का रुद्राभिषेक कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाएगी। महापौर अलका बाघमार द्वारा आयुक्त सुमित अग्रवाल व निगम अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण किया।

- प्रतिबंधित पालिथीन का उपयोग न करने की अपील

महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने शिवनाथ तट पर रपटा सहित अन्य जगहों पर सुरक्षा का इंतजाम के लिए बेरीकेट्स लगाने निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि शिवनाथ नदी तट पर मेला का आयोजन निगम द्वारा किया गया है। उन्होंने शिवनाथ तट पर श्रद्धालुओं की आस्था के तहत बर्फ का शिवलिंग स्थापित किया जावेगा। जिसकी तैयारी के लिए निर्देश दिए गए है। उक्त मेले में उपस्थित श्रद्धालुओ व दुकानदारों से निगम प्रशासन की अपील करती है कि, पूजा सामग्री, नारियल, फूल व प्रसाद के लोई प्रतिबंधित प्लास्टिक व पॉलीथिन का विक्रय व उपयोग न करें। निरीक्षण के दौरान पार्षद देवनारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर, मनीष साहू, देवनारायण तांडी, श्याम शर्मा, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, शशि साहू, गोविंद देवांगन, रंजीता प्रमोद पाटिल, आशीष चन्द्राकर, सरिता विनोद चन्द्राकर, सरस निर्मलकर, मनीष कोठारी, लोकेश्वरी ठाकुर, हर्षिका जैन सहित अन्य थे।



### गंदगी फैलाने पर जुर्माना लगाएगी निगम

मेयर ने कहा कचड़ा व गंदगी न करें यदि ऐसा करते पाया गया है तो निगम जुर्माना की लगा सकती है। उन्होंने कहा कि नदी क्षेत्र को बेहतर ढंग से व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। महाशिवरात्रि पर्व पर नदी क्षेत्र के मुख्य जगहों पर बलून एवं झंडा से सजाने को कहा। इसके अलावा महाआरती और रुद्राभिषेक एवं पूजा अर्चना के लिए स्थल में पंडाल और सफाई ठीक तरह से करने की बात कही।

### पीएम आवास के लिए निगम के डाटा सेंटर में कर सकते हैं आवेदन

दुर्ग। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का 3 महीने गुजर चुके है। इस दरमियान दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में एएचपी घटक के तहत आवेदन लगातार आमंत्रित किया जा रहा है। एएचपी घटक में माँ कर्मा साइट, सरस्वती नगर, गोकुल नगर, गणपति विहार, इत्यादि के लिए कुल मिलाकर 39 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमे माँ कर्मा हेतु 9, सरस्वती नगर हेतु 6, गणपति विहार हेतु 14 और गोकुल नगर के लिए 10 आवेदन आमंत्रित हुए है। लोगो द्वारा लगातार जानकारी लेने के लिए डाटा सेंटर में पूछताछ कर रहे है एवं अपनी आय के अनुसार फॉर्म लेकर भर रहे है। प्रधानमंत्री आवास योजना के एक्सपर्ट्स योजना की जानकारी आम जनता को दे रहे हैं> सामाजिक गतिविधियों के अंतर्गत व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।


न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला-दुर्ग

**ईश्तहार**

रा.प्र.क./ 202502104700018/अ-06-अ/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि:- आवेदिका श्रीमती शिववती सिंह पति-स्व. बी.बी. एस राजपूत उम्र- 69 वर्ष निवासी- सड़क नंबर- 29, प्लाट नंबर- 134 / ए, स्मृति नगर जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम जुनवानी, प.ह.नं.- 43, रा.नि०म० जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर- 288/83, रकबा 0.040 हे0 / 4000 वर्गफीट भूमि आवेदिका के नाम से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त जमीन को आवेदिका के द्वारा गणेश सिंह पिता-गोरे लाल सिंह से दिनांक 04/01/2018 को क्रय किया था तथा गणेश सिंह के द्वारा उक्त जमीन को जगन्नाथ पंडा पिता- नरसिंगो पंडा से दिनांक 09/05/2000 को क्रय किया था जो कि उक्त जमीन संबंधी ऋणपुस्तिका में मेरा नाम दर्ज है किन्तु वर्तमान ऑनलाईन भुईयां अभिलेखों में जगन्नाथ पंडा पिता-नरसिंगो पंडा के नाम पर ही दिखा रहा है। उक्त भूमि के क्रय करने के दिनांक से आज तक मैं काबिज हू अतः उक्त भूमि को मेरे नाम पर नामांतरण करने हेतु किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 10/03/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/02/25 को वह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक-21/02/2025
सुनवाई दिनांक-10/03/2025

अति तहसीलदार
दुर्ग-01



HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस नेता की हार्टअटैक से मौत

**भिलाई।** कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भिलाई नागरिक सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष, दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव मोहनलाल गुप्ता का मंगलवार को सुबह 6.50 बजे दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे 87 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार 26 फरवरी को दोपहर 2 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। मोहनलाल गुप्ता मंगलवार की सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। मॉर्निंग वॉक के बाद चाय दुकान पर चाय ले रहे थे। इसी दौरान दिल का दौरा पड़ा और चाय दुकान पर ही गिर पड़े। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वे अपने पीछे चार पुत्री, दो पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मनोज गुप्ता, नितिन गुप्ता के पिता शपथ फाउंडेशन के संस्थापक अशोक गुप्ता के चाचा थे।



### घरेलू विवाद पर सगे भाई पर प्राणघातक हमला, गंभीर

**भिलाई।** घरेलू विवाद के चलते एक युवक ने अपने ही भाई पर धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की शिकायत मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। छावनी पुलिस ने बताया कि शास्त्री नगर कैंप वन निवासी गोपी तिवारी को उसके ही सगे भाई रवि तिवारी ने धारदार हथियार से शाम को शरीर के कई हिस्सों में वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की जानकारी आसपास के लोगों को मिलने के बाद गोपी तिवारी को उपचार के लिए शास्त्री अस्पताल सुपेला लाया गया। चिकित्सकों ने गोपी तिवारी की स्थिति नाजुक होने की बात कही है। हमले की असली जानकारी पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट पता चल पाएगी। छावनी पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

### रावघाट में महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने सीमा सुरक्षा बल की 11 बटालियन के सहयोग से रावघाट माइंस के दंडकवन, कांकेर क्षेत्र में 31 महिलाओं को सिलाई मशीन दी गई। महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'ग्रामीणों का कौशल विकास पहल के तहत किया गया। उद्घाटन महानिरीक्षक आनंद प्रताप सिंह ने किया। बीएसपी के कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार और महाप्रबंधक अनुपम बिष्ट और सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी, उपमहानिरीक्षक ओपीएस, एफटीआर मुख्यालय, बीएसएफ स्पेशल बक्षराज कौशल, उपमहानिरीक्षक हरिंदर पाल सिंह सोही, कमांडेंट शंकर प्रसाद साहू, कमांडेंट नवाल सिंह, कमांडेंट अनिल सिंह रावत, 2 आईसी, ओएफएफजी रुपेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## निधन

### भोला शंकर अग्रवाल

**भिलाई।** 48/15 नेहरु नगर ईस्ट निवासी भोला शंकर अग्रवाल उम्र 67 वर्ष का निधन मंगलवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सरोज अग्रवाल के पति एवं गौरव अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल के पिता थे।



### संजय उपाध्याय

**भिलाई।** कोटा रायपुर (अछोटी) वाले निवासी संजय उपाध्याय शिक्षक उम्र 55 वर्ष का आकस्मिक निधन 25 फरवरी को दोपहर 1 बजे हो गया। उनका अंतिम संस्कार शाम 4.30 बजे निवास स्थान कोटा गुढ़िहारी मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. गणेश उपाध्याय के पुत्र, रीना उपाध्याय के पति व राजेश, नरेन्द्र के भाई और श्रृष्टि, शौर्य के पिता थे।



## अव्यवस्था: चार साल बाद भी फेस-1 व फेस-2 का निर्माण अपूर्ण

# ट्रांसपोर्ट नगर के नवनिर्माण में लेटलतीफी का खामियाजा भुगत रहे हैं शहर के ट्रांसपोर्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

औद्योगिक क्षेत्र से लगे ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण में लेटलतीफी का खामियाजा ट्रांसपोर्टरों और क्षेत्रवासियों को भुगतना पड़ रहा है। चार साल बाद भी निर्माण कार्य अधूरा होने से चौतरफा परेशानी हो रही है। इस मामले में नगर पालिका जामुल उदासीन बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि तीस साल से समस्याग्रस्त ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज के विकास के लिए नगर पालिका द्वारा दो फेस में निर्माण की योजना बनाई गई थी। ट्रांसपोर्टरों द्वारा पांच साल पूर्व कांग्रेस सरकार से ट्रांसपोर्ट नगर के नवनिर्माण की मांग को देखते हुए निर्माण कार्य शुरु किया गया था। इसके तहत सड़कों, नालियों, पार्किंग ट्रांसपोर्टरों के आफिसेस, लोडिंग अनलोडिंग प्लेटफार्म आदि के निर्माण किए जाने थे। फेस वन के बाद फेस टू ट्रांसपोर्टन नगर में सड़कें व प्लेटफार्म आदि का निर्माण हो चुका है। लेकिन कई कार्य आज तक अधूरे हैं। नगर पालिका के कार्य की गति कुछआ चाल होने से ट्रांसपोर्टरों को कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं। ट्रांसपोर्टरों के कई बार निर्माण कार्य में तेजी लाए जाने की मांग के बाद भी कोई ध्यान नही दिए जाने की कीमत ट्रांसपोर्टरों को चुकानी पड़ रही है। ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि ट्रकें फंस रही हैं। बीच में गाड़ियां खड़ी करने से आवागमन में परेशानी हो रही है। स्ट्रीट लाइट, नाली व लोडिंग की समस्या बनी हुई है।

**बरसात के मौसम में जलभराव से बढ़ जाती है समस्या**



**सरकार को ट्रांसपोर्टरों से मिलता है लाखों करोड़ों का टैक्स**

भिलाई का ट्रांसपोर्टनगर हथखोज मध्यभारत का सबसे बड़ा ट्रासपोर्ट हब है। यहां मुहजारों ट्रकों और हाइवा आदि गाड़ियों की आवाजाही होती है। मुंबई से कोलकाता तक स्टील, सीमेंट, अनाज, कपड़ा आदि सामानों की ट्रांसपोर्टिंग होती है। ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि सरकार को लाखों करोड़ों का टैक्स ट्रांसपोर्टरों से मिलता है। शहर व राज्य के विकास में भी ट्रांसपोर्टरों का महती योगदान है। इसके बाद भी ट्रांसपोर्टनगर के फेस वन और फेस टू के निर्माण का कार्य धीमी गति से चल रहा है। इससे चौतरफा नुकसान हो रहा है। ट्रांसपोर्टनगर के निर्माण जल्द पूर्ण किया जाए।

**बारिश में बन जाता है टापू**

ट्रांसपोर्टनगर हथखोज पिछले तीस साल से ट्रांसपोर्टरों की परेशानी बना हुआ है। पूर्व में शहर के ट्रासपोर्टरों की ट्रकें और हाउवा आदि गाड़ियां महात्मा गांधी मार्केट जीई रोड के किनारे खड़ी होती थीं। समस्या को देखते हुए 1991 में साडा द्वारा तत्कालीन साडाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल के कार्यकाल में हथखोज में ट्रांसपोर्टनगर शिफ्ट किया गया था। इस दौरान कई सरकारें आईं और गईं लेकिन ट्रांसपोर्टनगर का कायाकल्प नहीं किया गया। इसके चलते यहां सड़क, लाइट, पेयजल आदि बुनियादी समस्याओं सहित ट्रकों को खड़ा करने की समस्या बनी रही। सबसे ज्यादा दिक्कत बरसात के मौसम में होती है जब जलभराव से ट्रांसपोर्टनगर टापू बन जाता है। ट्रकें फंसने और पटलने से दुर्घटनाएं होती हैं।

### स्वास्थ्य जागरुकता व भारतीय ज्ञान प्रणाली पर विशेष सत्र



**अंडा।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) बीआईटी दुर्ग द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर केंद्रित कई गतिविधियाँ संपन्न हुईं। इसके अलावा, डॉ. मुकेश चंद्राकर, सहायक प्राध्यापक, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने भी इस शिविर में योगदान दिया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूक किया और डॉ. विनीता अभिषेक गुप्ता एवं डॉ. श्वेता खरया द्वारा छात्राओं को सैनिटरी पैड वितरित किए गए। इसके अलावा, दुर्ग मेडिकल हॉस्पिटल टीम द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने अपनी स्वास्थ्य समस्याओं की जांच करवाई।

स्वयंसेवकों ने गांव के लिए स्टूल तैयार किए, जो ग्रामीणों को वितरित किए जाएंगे। विद्यालय परिसर में स्थित मंदिर की रंगाई-पुताई कर उसे एक नया रूप दिया गया। साथ ही, स्वयंसेवकों द्वारा बनाई गई क्यारी में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

# राजिम कुंभ में महामंडलेश्वर को लेकर मचा बवाल नेहरूनगर चौक स्थित शेरोवाली मंदिर के हैं पुजारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

- अखाड़ा परिषदों के विरोध के बाद खदेड़ा गया, घटना के बाद से मोबाइल फोन बंद




राजिम कल्प कुंभ



नेहरु नगर भिलाई

राजिम कल्प कुंभ में कथित रूप से फर्जी महामंडलेश्वर को लेकर हंगामा मच गया। इस मामले के तार भिलाई से जुड़े हैं। भिलाई के नेहरूनगर में उक्त तथाकथित महामंडलेश्वर अरुण मिश्रा शेरोवाली मां नाम से मंदिर स्थापित कर अपने परिवार के साथ मंदिर के पीछे घर बनाकर रह रहे हैं। राजिम में मच बवाल के बाद हरिभूमि की टीम उनके नेहरूनगर स्थित मंदिर और घर तक पहुंची। जहां अरुण मिश्रा तो नहीं मिले, लेकिन उनके बेटे नित्यानंद मिश्रा ने बताया कि पिता फिलहाल घर में नहीं हैं। वे पहले प्रयागराज गए हुए थे। पिछले दो से तीन दिन से वे राजिम में थे। वे मूल रूप से ठाठापुर कबीरधाम जिले के रहने वाले हैं। पिता का फोन नहीं लग रहा है। उन्हें राजिम में हुए घटनाक्रम के बारे में कोई जानकारी नहीं है। सोमवार को अखिल भारतीय संत समिति की बैठक के बाद अखाड़ा परिषद संत महासभा ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन ट्रष्ट हभी संगठन ने मुख्य अखाड़ा परिषद के द्वारा इसका विरोध किया गया। संत महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश्वरा नंद ने बताया कि भिलाई का कोई अरुण मिश्रा अपने आपको को सूर्यवंशी अखाड़ा का महामंडलेश्वर बता रहा था। उसे पकड़ा गया, जब उससे पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि उसका संबंध में निर्मोही अखाड़ा से है। जब निर्मोही अखाड़ा के छत्तीसगढ़ प्रमुख से बात की गई, तो उन्होंने इस नाम के व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी होने से ही इंकार कर दिया। वह सूर्यवंशी अखाड़ा अपने आपको बताकर फर्जी तरीके से टेंट में रहना प्रारंभ कर दिया था। अखाड़ा परिषद के सभी संतों ने उसकी गाड़ी से पहले उसका नाम हटवाया। इसके बाद बैनर-पोस्टर फाड़ दिया। बाद में अरुण मिश्रा कुंभ से भाग खड़ा हुआ। इस दौरान प्रमुख रुप से स्वामी परमात्मा नंद महाराज, राजीव लोचन, डॉ. स्वामी राजेश्वरानंद, राष्ट्रीय महामंत्री नरेन्द्र दास, महामंडलेश्वर सर्वेश्वर दास, महंत राधे श्याम, आचार्य रविन्द्र शास्त्री, भागवताचार्य रुपेश, साध्वी सौम्या, आजीवन निराहार संत गौतमा एवं मेले के अधिकारी मौजूद थे। अखिल भारतीय पंच रामानंदीय, निर्मोही अखाड़ा, दिगंबर अखाड़ा, निर्वाणी अखाड़ा, अग्नि अखाड़ा के संत महात्मा ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बजरंगी शंकर नगर प्रकल्प भी शामिल थे। सभी ने शासन एवं प्रशासन से विरोध किया है, साथ ही अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश निषेध करने की अपील की है।

# हनुमान मंदिर को बीएसपी के नोटिस का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



- जयप्रकाश ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

भारतीय जनता ट्रेड यूनियन काउंसिल छग के महामंत्री जयप्रकाश यादव ने इस्पात मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्राचीन हनुमान मंदिर सेक्टर 9 को बीएसपी का नोटिस जारी किये जाने पर विरोध जताया है। ज्ञापन में कहा है कि बीएसपी अधिकारी कई मंदिरों को निशाना बना रहे हैं। प्रभारी निदेशक द्वारा सहयोग नही किए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। यादव ने बताया कि नोटिस मे उल्लेख किया गया कि जिस दिवाल में रंग रोगन किया जा रहा है वह बीएसपी की भूमि में आधिपत्य है। प्राचीन मंदिर सेक्टर 9 हनुमान मंदिर के सामने हॉस्पिटल का पीछे का भाग अस्वच्छता पूर्ण हो चुका था। हॉस्पिटल के पीछे के भाग के कारण मंदिर आने वाले भक्तों मरीजों को तकलीफ हो रही थी। रंगरोगन हो जाने से मंदिर के साथ हॉस्पिटल की सुंदरता दिख रही है, लेकिन बीएसपी के कोई अधिकारी द्वारा लगातार हिन्दुओं की भावना को ठेस पहुंचाने की नियत से मंदिर को नोटिस दिया गया है।

# जेएलएन अस्पताल में आनलाइन व्यवस्था बिगड़ी, लोग हो रहे परेशान

- बीएसएनएल की फाइबर लाइन खराब होने से कामकाज प्रभावित

**भिलाई।** सेक्टर नौ हास्पिटल में मंगलवार को आनलाइन व्यवस्था प्रभावित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आनलाइन अप्वाइंटमेंट से लेकर दवाईयों के लिए मरीजों को परेशानी हुई। आनन फानन में आफलाइन मेडिसीन सिस्टम शुरु करने से कुछ राहत मिली। सेक्टर नौ अस्पताल तक पहुंची बीएएसएनएल की फाइबर लाइन खराब होने से आनलाइन कामकाज प्रभावित हुआ। फाईबर लाइन दो स्थानों पर कटने से संचार संपर्क टूट गया। इससे आनलाइन दवाइयों का वितरण और अप्वाइंटमेंट और लैंडलाइन संचार में असुविधा हुई। वार्डों को भेजी जाने वाली दवाइयों की भी इंट्री प्रभावित हुई। घंटों रिपेयर काम चलता रहा। आफ लाइन दवा वितरण व्यवस्था शुरु किए जाने से कर्मियों को कुछ राहत मिली।

## बिजनेस साइट

### कृषक बीरबल ने केएस 9300 कंबाइंड मशीन की खरीदारी की




**भिलाई।** महाशिवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर बेमेतरा जिले के ग्राम डोंगाघाट के प्रगतिशील कृषक बीरबल पटेल ने अपने पुत्र महेश पटेल को कृषि कार्य में सहायता प्रदान करने के लिए केएस 9300 स्वचालित बहुफसलीय सेल्फ प्रोपेल्ड कंबाइंड हार्वेस्टर की खरीदारी की। इस शुभ अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक कृषि एवं वाणिज्य शाखा की क्षेत्रीय अधिकारी पुष्पा साहू ने मशीन की चाबी कृषक बीरबल पटेल को प्रदान की। इस दौरान कमला मोटर्स के संचालक पद्मेश बरमेचा, सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, शाखा प्रबंधक खेमचंद गुप्ता, सेल्समेन मनीष साहू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। बीरबल पटेल ने बताया कि उन्होंने इस महत्वपूर्ण खरीदारी के लिए महाशिवरात्रि पर्व को चुना, क्योंकि यह भगवान शिव का पावन दिन है और इससे उनकी आर्थिक उन्नति एवं कृषि क्षेत्र में उन्नति की प्रार्थना की गई। केएस 9300 कंबाइंड मशीन कृषकों की पहली पसंद है। ज्ञात हो कि केएस 9300 कंबाइंड मशीन किसानों के बीच अपनी उच्च कार्यक्षमता और उत्कृष्ट बिक्री पश्चात सेवा के लिए जानी जाती है। यह मशीन अनेक फसलों की कटाई में सक्षम होने के साथ-साथ कम लागत में अधिक उत्पादन सुनिश्चित करती है। इस मौके पर डोंगाघाट के अन्य कृषक तोरण पटेल, परसु पटेल, परमु पटेल, अंकित पटेल, राजकुमार पटेल, नरेश पटेल, राम पटेल एवं रूपेंद्र पटेल भी उपस्थित रहे और उन्होंने इस नवीनतम तकनीकी मशीन को देखने और समझने में गहरी रुचि दिखाई। यह खरीदारी न केवल पटेल परिवार के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के किसानों के लिए एक प्रेरणादायक कदम है, जिससे आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा और कृषि कार्यों में नवाचार आएगा।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने धमधा में अपनी 52वीं शाखा का किया उद्घाटन



**दुर्ग।** बैंक ऑफ बड़ौदा, रायपुर जोन, दुर्ग क्षेत्र ने अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करते हुए धमधा में अपनी 52वीं शाखा का उद्घाटन किया। यह शुभारंभ बैंक के कार्यकारी निदेशक संजय विनायक मुदलियार द्वारा मंगलवार को सुबह 11 बजे किया गया। इस अवसर पर दिवाकर प्रसाद सिंह अंचल प्रमुख रायपुर, डॉ. रमेश कुमार मोहंती उप महाप्रबंधक रायपुर, अनंत माधव क्षेत्रीय प्रमुख दुर्ग क्षेत्र, सर्वेश कुमार श्रीवास्तव उप क्षेत्रीय प्रमुख दुर्ग क्षेत्र एवं विशिष्ट अतिथि भवानी शंकर परिडा क्षेत्रीय प्रमुख धमतरी उपस्थित रहे। बैंक की इस नई शाखा से क्षेत्र के किसानों, मध्यम वर्ग के व्यवसायियों एवं आम नागरिकों को उन्नत बैंकिंग सुविधाएं प्राप्त होगी। कृषि, रिटेल और व्यवसाय लोन सहित अन्य बैंकिंग सेवाओं का लाभ अब स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगा। कार्यक्रम के दौरान कार्यकारी निदेशक संजय विनायक मुदलियार द्वारा 'मास्टर स्ट्रोक' खाता खोलने के लिए क्रिकेट बैट पर हस्ताक्षर किए गए एवं दो ट्रैक्टर लोन की स्वीकृति के तहत ग्राहकों को सांकेतिक रूप से चाबी सौंपी गई।

## ग्रामीण अंचल व शहर की खबरें

### सरस्वती ने रिकार्ड बहुमत से जीत हासिल की



**भिलाई।** जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 4 के चुनाव में सरस्वती बंजारे ने रिकॉर्ड बहुमत से जीत हासिल की है। उन्हें कुल 35153 मतदान में से 22470 वोट मिले, जो कि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 15700 वोटों के अंतर से ज्यादा है। यह जीत हमारे भारतीय जनता पार्टी की एक-एक कार्यकर्ताओं की हैं, यह जीत हमारे लोकप्रिय सांसद विजय बघेल की हैं, यह जीत हमारे जननायक विधायक एवं हमारे प्रदेश प्रभारी रिकेश की हैं, यह जीत हमारे लाडले विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा की हैं, यह यह जीत हमारे जिला अध्यक्ष पुरूषोतम देवांगन, प्रभारी रवि शंकर सिंह, योगेंद्र सिंह की है। यह जीत हमें नई ऊर्जा प्रदान कर रही हैं, यह हमारे विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा एवं सरस्वती बंजारे की लोकप्रियता को दर्शाती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि लोगों ने उनके विजन और नेतृत्व क्षमता में विश्वास दिखाया है। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में यह जीत एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने लिया आशीर्वाद



**भिलाई।** स्थानीय चुनाव में भाजपा के खेमें में जीत की बड़ी खुशी आई है कुछ स्थानों को छोड़कर सभी स्थानों पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने चुनाव में जीत हासिल किया है। वहीं स्थानीय निकाय चुनाव में जीत हासिल करने वाले प्रत्याशी मंगलवार को दुर्ग जिला अंतर्गत दुर्ग नगर निगम, कुम्हारी नगर पालिका, अमलेश्वर नगर पालिका, पाटन नगर पंचायत, उतई नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्षों और पार्षदों ने दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव के साथ प्रदेश भाजपा कार्यालय रायपुर में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, संगठन महामंत्री पवन साय से सौजन्य भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया और उनका आभार व्यक्त किया। सभी जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी। जनता के विश्वास और आशीर्वाद से नवचयनित प्रतिनिधियों का यह नया सफर क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के प्रति समर्पित रहेगा। सभी के साथ मिलकर समाज हित के कार्यों को गति देने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प लिया। समर्पित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति और सभी का स्नेहिल सहयोग, समाज की सेवा में निरंतर ऊर्जा और प्रेरणा देता है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, दिलीप साहू, नवीन पवार, मनोज सोनी, नव निर्वाचित महापौर अल्का बाघमार, नगर पंचायत अध्यक्ष पाटन निक्की भाले, उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू, अमलेश्वर नगर निगम अध्यक्ष दयानंद सोनकर, कुम्हारी नगर निगम अध्यक्ष मीना वर्मा सहित बड़ी संख्या में नवनिर्वाचित, पार्षद जन प्रतिनिधि और कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### नवनिर्वाचित सरपंच ने पूर्व सीएम भूपेश से की मुलाकात



**सेलूद।** ग्राम पंचायत सेलूद के सभी नवनिर्वाचित पंच व सरपंच खिलेश बबलू मारकंडे ने पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस पार्टी के महासचिव भूपेश बघेल से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सेलूद के राजनीति में इतिहास बनाते हुए 1032 मतों के अंतर से जीत दर्ज करने व अब तक इतिहास में सेलूद के सबसे कम उम्र के सरपंच निर्वाचित होने पर पूर्व मुख्यमंत्री ने शुभकामनाएं दिया और कहा कि जनपद सदस्य के पांच साल के सफल कार्यकाल के बाद अब सरपंच की जिम्मेदारी गांव वालों ने हाथ में दिया है इसका सीधा मतलब है कि आपके कामों से जनता बहुत खुश है और इन पांच सालों में ग्राम सेलूद को नित नये विकास का सोपान तय करेगा यही मंगल कामना है। इस अवसर पर जयश्री वर्मा, जवाहर वर्मा, संजय यादव, सुरेंद कुर्रे, राकेश साहू, रमेश कश्यप, संगीता ठाकुर, दिलीप बंछोर, रमेश कश्यप, तरुण जैन, तामसेन साहू, राजेंद वर्मा, योगेश सरफराज, पप्पू यादव, सुभाष बंछोर, ललित ठाकुर, झम्मन यदु, श्रीधर साहू, पुष्पा वर्मा, ममता पटेल आदि उपस्थित थे।

### सरपंच निर्वाचित होने पर सांसद विजय से की भेंट




**सेलूद।** ग्राम पंचायत धौराभांठा के नवनिर्वाचित सरपंच विनय चंद्राकर एवं ग्रामीणों ने मंगलवार को सांसद विजय बघेल के भिलाई निवास में सौजन्य भेंट कर सांसद से आशीर्वाद लिए। इस मौके पर सांसद विजय बघेल ने सरपंच विनय चंद्राकर एवं सभी निर्वाचित पंचों को बधाई देते हुए केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को ग्राम के अंतिम व्यक्ति तक कार्य करने एवं ग्राम हित में सबका साथ सबका विकास करने की बात कही। इस मौके पर जसवंत साहू, दौलत साहू, चोवा राम साहू, नरेश साहू, एकानंद साहू, परमानंद ठाकुर, पंकज चंद्राकर, विवेक चंद्राकर, करण ठाकुर, राजेंद्र साहू, कुंदन साहू, सरवन साहू, अरुण साहू, संता ठाकुर, सोहन देवांगन, लीला साहू, गीता साहू, सीमा निर्मल, दुर्गा साहू, मोना साहू आदि उपस्थित थे।

### कमलेश को प्रदान की पीएचडी की उपाधि



**पाटन।** पाटन देवादा निवासी कमलेश चेलक को पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। वे जवाहर चेलक एवं बुधवंतीन चेलक के पुत्र हैं। उन्हें यह उपाधि उनके शोध विषय दुर्ग संभाग में फसल प्रारूप की बदलती प्रवृत्तियों का कृषकों की आय पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण के लिए दिया गया है। उनके शोध कार्य के निर्देशक डॉ. केके बिंदल प्राध्यापक अर्थशास्त्र, शासकीय जे. योगानन्दम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर एवं सह निर्देशक डॉ. विनोद कुमार जोशी प्राध्यापक अर्थशास्त्र, डॉ. राधाबाई नवीन कन्या महाविद्यालय रायपुर के दिशा निर्देश में पूरा किया है उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों एवं अपनी पत्नी वेणुका चेलक व अपने परिवार को दिया है।


वीरभद्र महायज्ञ व प्राणप्रतिष्ठा
मूल मंत्र-ॐ नमो भगवते सदाशिवाय
दिनाँक
30 मार्च 2025 से 06 अप्रैल 2025
यज्ञाहुति समय
प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक
तीर्थराज देवि निकुंभला मंदिर व नगरी निर्माण कार्य जिसमे 4 एकड़ मंदिर
7 एकड़ परकोटा 25 एकड़ परिसर भूमि
जिसकी लागत एक लाख एक हजार करोड़ रुपये होगी
इस उद्देश्य को लेकर संत श्री माताजी
संत श्री माता जी
संस्थापक
तीर्थराज देवि निकुंभला
राजलक्ष्मी मंदिर
जय शक्ति आश्रम
ग्राम – निकुम, जिला – दुर्ग (छ.ग.)
तत्व तत्व से बनेगा तीर्थराज देवि निकुंभला धाम । एक दिन सारे जगत में होगा छत्तीसगढ़ का नाम ॥

हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 26 फरवरी 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 7747020002, 9755819129




04 जेन जेड की पसंद

## लाइव इवेंट

### सुराना कॉलेज मैदान में नगर खेलकुंभ, 28 तक स्कूल-कॉलेज स्तरीय प्रतियोगिताएं



**दुर्ग।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के खेलो भारत आयाम द्वारा आयोजित नगर खेलकुंभ की सुराना कॉलेज मैदान से शुरुआत हुई। 28 फरवरी तक आयोजित स्कूल और कॉलेज स्तरीय इस प्रतियोगिता में खिलाड़ी अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। उद्घाटन समारोह में एबीवीपी के प्रदेश उपाध्यक्ष देव सेन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह महेश यादव उपस्थित रहे। डॉ. देव ने कहा कि आयोजन अखिल भारतीय योजना के अनुसार किया जा रहा है। इसमें आधुनिक खेलों के साथ छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। इसका उद्देश्य एक बड़े विद्यार्थी समूह को अपनी पुरानी पारंपरिक खेलों से जोड़ना एवं उन्हें वर्तमान परिदृश्य में जीवंत बनाए रखना है। महेश यादव ने कहा कि खेलकूद से जीवन में अनुशासन, संयम और संघर्ष करने की क्षमता विकसित होती है। प्रतियोगिता के अंतर्गत गोली चम्मच, रस्सीखींच, तंगड़ी दौड़, कबड्डी, क्रिकेट, बैडमिंटन, 100 मीटर दौड़ इत्यादि खेल आयोजित होंगे। प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्रतिभागी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। नगर मंत्री ने बताया कि खेलो भारत द्वारा आयोजित इस नगर खेलकुंभ का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, शारीरिक दक्षता और मानसिक मजबूती को विकसित करना है। साथ ही, इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने संस्कृति अपने पारंपरिक खेलो से जोड़ने का भी प्रयास है।

## सिटी इवेंट

### योद्धा नर्तन का प्रदेश स्तरीय आयोजन 2 को पीपरछेड़ी में, गृहमंत्री विजय शर्मा होंगे शामिल



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ी यादवों की विरासत को सहेजने राऊत नाचा महोत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष किया जा रहा है। इस वर्ष भी आयोजन को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। आयोजन 2 मार्च को ग्राम पीपरछेड़ी में आयोजित होने जा रहा है, जिसका उद्घाटन गृहमंत्री विजय शर्मा करेंगे। कार्यक्रम में सांसज विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। गहिरा गुरु राजेश यादव और समाज के सांस्कृतिक सचिव राकेश यादव ने बताया कि 50 से ज्यादा राऊत नाचा टीमंे आयोजन में प्रस्तुति देंगी। इस दौरान परंपराओं के अनुरूप दोहा पाड़ेंगे। आयोजन का यह 20 वां वर्ष है।

#### आयोजन का यह 20वां वर्ष, संस्कृति को सहेजने की पहल

यादव संघ मित्र कल्याण मंडल दुर्ग व संस्कृति विभाग राज्य शासन के सहयोग से 19 वर्षों से आयोजन किया जा रहा है। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन को लेकर अतिथियों को आमंत्रित किया गया। जय श्री कृष्ण पितामबरी गमछा अहीर पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया, वहीं पर योद्धा-नर्तन पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष कमलेश यादव, सचिव उमराव यादव, सांस्कृतिक सचिव राकेश यादव, प्रचार मंत्री कन्हैया यादव मौजूद थे।

### राजिम में साहू समाज का सेवाकार्य, हर रोज भंडारा, प्लास्टिक मुक्त अभियान भी



**भिलाई।** कल्प कुंभ राजिम में साहू समाज भक्तिन राजिम माता समिति द्वारा सेवाकार्य किया जा रहा है। प्रतिदिन भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत लोगों को जागरूक किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष लाला साहू, संरक्षक भुनेश्वर साहू ( प्रदेश उपाध्यक्ष छग साहू संघ), संरक्षक एवं इतिहास अध्येता घनाराम साहू, डॉ. नारायण साहू अधिष्ठाता महात्मा गांधी विवि दुर्ग, घनश्याम प्रसाद साहू, नूतन साहू, रामकुमार साहू, श्याम साहू, डॉ. ओंकार साहू, तरुण साहू, राजू साहू, बलराम साहू, उमा साहू, मिनजुन साहू अहम भूमिका निभा रहे हैं। आयोजन में श्रद्धा पुरेंद्र साहू समाजसेविका का सम्मान भी किया गया।

### नीकंठेश्वर महादेव मंदिर में आज रुद्राभिषेक

**भिलाई।** महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, बाल उद्यान, शिक्षक नगर कोहका में आज रुद्राभिषेक, हवन पूजन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से 12 बजे तक होगा। इसके बाद महाआरती एवं 12.15 बजे से महाप्रसादी (भंडारा) का कार्यक्रम आयोजित है। 12.30 बजे बाल कलाकार के जी 1 के छात्र नवीश साहू द्वारा शिव तांडव नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद छत्तीसगढ़ अंचल के प्रसिद्ध गायक कौशल कुमार साहू एवं ओमना कृष्ण कुमार एवंं साथी उमा साहू, लिपि घोष, राकेश नेमा, नरेन्द्र साहू, धीरेन्द्र साहू की टीम द्वारा भजन एवं लोक गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।



## महाशिवरात्रि : मंगलवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी दुर्ग और भिलाई में उत्सव की हुई शुरूआत

# शिवरात्रि पर आज जगह-जगह रूद्राभिषेक और भंडारा बाबा की बारात रहेगी ट्विनसिटी का मुख्य आकर्षण

**फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी बुधवार यानी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। यह पर्व फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की नीशीथव्यापिनी चतुर्दशी को मनाया जाता है। इस बार इसे लेकर दुर्ग, भिलाई सहित ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। मंदिरों, देवालयों में रूद्राभिषेक और भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। शिवनाथ नदी तट पर जगह-जगह मेले आयोजित किए जा रहे हैं। बता दें कि वृहद रुद्र संहिता में इस पर्व का विशेष महत्व बताया गया है।**

**भिलाई।** सृष्टि की रक्षा के लिए भगवान शिव ने समुद्र मंथन से निकले हलाहल विष का पान किया। विष के प्रभाव से बचाने के लिए भक्तों ने पूरी रात भगवान को जागृत रखा। वे ढोल-नगाड़े बजाते और जलाभिषेक करते रहे।विष के प्रभाव से बचने के लिए जागरण आवश्यक था। विष प्रभावित व्यक्ति को सोने देने से विष का असर दोगुना हो जाता है। चौथे प्रहर के बाद जब भगवान शिव पर विष का कोई प्रभाव नहीं हुआ, तब उन्हें 'मृत्युंजय' की उपाधि मिली। भक्तों ने खुशी में महाआरती की और मिठाइयां बांटीं। इसके बाद से इस दिन को उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

भिलाई में स्कंद आश्रम हुडको, बैकुंठधाम मंदिर, शिव मंदिर भेलवा तालाब, राज राजेश्वर मंदिर पावर हाउस, दुर्ग में शिवनाथ नदी तट स्थित महमरा घाट, कोड़िया घाट, भरदा सहित अन्य जगहों पर रूद्राभिषेक के साथ विशेष पूजा और मेले के आयोजन किया गया है। भिलाई में बाबा की बारात हथखोज स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर से शुरू होगी, शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। इसी प्रकार ग्रामीणों क्षेत्रों में शिव मंदिर कौही, बानबरद और देवबलोदा के प्राचीन मंदिरों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सभी जगहों पर भंडारे रखे गए हैं। पं. लाखेश्वर पांडेय ने बताया कि शिवरात्रि की पूजा विधि में सबसे पहले गणपति का स्मरण करें। फिर शिवलिंग पर 108 बार 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र के साथ गंगाजल से अभिषेक करें। शुद्ध वस्त्र से शिवलिंग को साफ कर अष्टगंध से त्रिपुंड करें। सौभाग्य द्रव्य, सुगंधित पुष्प और बिल्वपत्र अर्पित करें। आरती के बाद प्रसाद चढ़ाएं। पुरुष साधक 'ॐ नमः शिवाय' और महिला साधक 'नमः शिवाय' मंत्र का जाप करें। बीज मंत्र जाप से समस्त प्रकार की व्याधियों का नाश होता है, अकाल मृत्यु नहीं होती है तथा समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती है। निशीथ काल अर्थात रात्रि का दूसरा व तीसरा प्रहर, जो रात्रि 9 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 3 बजे तक कुल 6 घंटे तक रहता है। इस समय बीज मंत्र का जाप करने से अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है। इधर ब्रह्मकुमारी के पीस ऑडिटोरियम सेक्टर-7 और आनंद सरोवर बघेरा में उत्सव शुरू हो चुका है। बघेरा में जहां इस बार अयोध्या के राम मंदिर की चैतन्य झांकी प्रमुख आकर्षण हैं, वहीं पीस ऑडिटोरियम में भी कार्यक्रम हुए।





आनंद सरोवर एवं राजऋषि भवन केलाबाड़ी में रीटा बहन, रुपाली बहन, भारती बहन, चैतन्य प्रभा दीदी सहित सभी ने शिव के अलौकिक जन्मदिवस जयंती पर केक काटा। इस अवसर पर ध्वजारोहण किया। रीटा बहन ने कहा कि परमात्मा ने जैसे हमारा जीवन श्रेष्ठ बनाया है, ऐसे ही हम सभी मनुष्य आत्माओं का जीवन श्रेष्ठ बनाकर सभी के दिलों में परमात्मा के प्रत्यक्षता का झंडा लहराएंगे। शिव ध्वज के नीचे रूपाली बहन ने प्रतिज्ञा दिलाई। इसमें अपनी सूक्ष्म वृतियों को पवित्र बनाकर वायुमंडल को शक्तिशाली बनाने, हर एक के साथ मधुरता से व्यवहार करने, परमात्मा स्नेह में समाते हुए मनजीत जगतीजीत बनने संकल्प लिया गया। साक्षी चौरसिया ने परमात्मा शिव के याद में अत्यंत मनभावन नृत्य की प्रस्तुति दी।

पीस ऑडिटोरियम सेक्टर 7 में महाशिवरात्रि पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी हेमलता और भिलाई सेवाकेंद्रो की आशा बहन प्रमुख रूप से मौजूद थीं। परमात्म स्मृति में दीपक जलाकर, शिव ध्वजारोहण के पश्चात रुद्राक्ष, चंदन, तुलसी व रंग बिरंगी फूलों की माला शिव ज्योत्रिंलग पर अर्पण किया गया। विशेष विश्व शांति के निम्मित भोग अर्पित किया गया। सभी ब्रह्मावत्सों को प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस अवसर पर रंग-बिरंगे गुब्बारों को आकाश में छोड़ा गया। साथ ही सदा मन में ख़ुशी व उमंग और उत्साह में रहने की प्रेरणा दी गई।

### बाबा की बारात में शामिल होंगे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह



**भिलाई।** बोलबम सेवा समिति खुर्सीपार भिलाई द्वारा बाबा की बारात निकाली जाएगी। बाबा की बारात से पहले मंगलवार को मेंहदी की रस्म अदा की गई। बड़ी संख्या में शिव भक्त शामिल हुए । समिति द्वारा बाबा की बारात की व्यापक तैयारी की गई है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंहशाम 6 बजे जीरो पाइंट केनाल रोड खुर्सीपार भिलाई पहुंचेंगे। वे यहां पर महाशिवरात्रि कार्यक्रम में शामिल होंगे।



## कृषि कॉलेज के स्टूडेंट्स ने जाना पत्रकारिता को, हरिभूमि कार्यालय का किया अवलोकन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कृषि कॉलेज धनोरा के विद्यार्थियों ने मंगलवार को हरिभूमि के भिलाई कार्यालय का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारिता की बारीकियों को समझने का प्रयास किया। बीएससी कृषि अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने कार्यालय में संचालित होने वाले मार्केटिंग, संपादकीय, सर्कुलेशन विभाग को समझा। जाना कि तीनों विभाग कैसे काम करता है। हरिभूमि कार्यालय में उन्हें पत्रकारिता के बारे में जानकारी दी। बताया गया कि जिले के अलग-अलग कोनों से कैसे समाचार उन तक पहुंचता है। उन समाचारों को हम कैसे एडिट करते हैं। कौन सी खबर लगानी है, कितनी बड़ी खबर लगानी है। इसका चयन किया जाता है। इसके बाद डेस्क की वर्किंग शुरू होती है। डेस्क के साथी खबरों को बेहतर तरीके से प्रजेन्ट करने के लिए एक प्रारूप तैयार करते हैं। फ्लायर, लीड, एंकर और फोटो कैप्शन तय किए जाते हैं। इसके बाद खबरों को डिजाइनर पेज में सजाते हैं। पेज लगने के बाद उसे रायपुर प्रेषित किया जाता है, जहां से फिर वह अखबारों में प्रकाशित होती है। संपादकीय के अलावा सर्कुलेशन एक विभाग होता है, तो अखबार को बंटवाने का काम करता है। इसमें कंपनी एजेंसी के माध्यम से अखबार की डिस्ट्रीब्यूशन कराती है। एक अन्य विभाग मार्केटिंग का होता है, जो विज्ञापन पर काम करती है। इस अवसर पर कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष प्रथम सोनी, यश पवार, रिशिता पांडेय सहित अन्य मौजूद थे। कॉलेज प्रबंधन के विवेक पांडेय के समन्वय से वे हरिभूमि कार्यालय का अवलोकन करने पहुंचे।



## शफीक रायपुरी की किताब का विमोचन ऑल इंडिया मुशायरा का भी आयोजन

**भिलाई।** आर्ट कल्चर एंड थिएटरिकल सोसाइटी रायपुर द्वारा हर साल आयोजित होने वाले ऑल इंडिया मुशायरा का आयोजन इस वर्ष भी भव्य रूप से किया गया। यह मुशायरा स्व. अकबर कॉमरेड और स्व. सलमा सरोश कॉमरेड की याद में आयोजित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शायर शफीक रायपुरी की नई किताब का विमोचन किया गया। विमोचन समारोह में दिल्ली के मशहूर शायर अशहर इक़बाल और अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार एमजे एफ डॉ. रौनक जमाल ने मुख्य भूमिका निभाई। डॉ. रौनक जमाल ने पुस्तक पर विस्तृत निबंध पढ़ा, जिसे मौजूद कवियों और लगभग 300 श्रोताओं ने खूब सराहा। इस अवसर पर अकबर कॉमरेड साहब की बेटी शमीम साहिबा ने औपचारिक रूप से विमोचन प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद कामटी, नागपुर से आए सोहल आलम और खुर्शीद आलम ने शफीक रायपुरी को सम्मान पत्र भेंट किया, जिसे डॉ. रौनक जमाल ने अपनी खूबसूरत आवाज़ में पढ़कर सुनाया।



## 28 को होगा फाइनल मुकाबला, विजेता टीमें होंगी पुरस्कृत

# सेल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आगाज, दुर्गापुर, आईएसपी बर्नपुर, आरएसपी, राउरकेला, कोलकाता की टीमें ले रही भाग

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वावधान में क्रीड़ा, सांस्कृतिक और नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 3 दिवसीय सेल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का मंगलवार को आगाज हुा। प्रतियोगिता का उद्घाटन संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार ने किया। वॉलीबॉल कॉम्प्लेक्स पंत स्टेडियम सेक्टर-1 में शाम 6 बजे प्रतियोगिता शुरू हुई। उद्घाटन समारोह में विशेष रूप से संयंत्र के अधिकारी विपिन गिरी, अरुण कुमार, रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के स्वामी व्याप्तानंद, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, स्वामी कृष्णानंद असीमानंद, आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एनके बंछोर, परविन्द्रर सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। पवन कुमार ने पंत स्टेडियम के वॉलीबॉल कॉम्प्लेक्स में खिलाड़ियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि आप सभी का भिलाई में स्वागत हैं। 7 टीमें आज यहां एकत्र हुई हैं। आप लोग बेहतर खेल का प्रदर्शन करेंगे। सभी को विजेता बनने के लिए मेरी शुभकामनाएं।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि रामकृष्ण मिशन के स्वामी व्याप्तानंद ने कहा कि सेल और रामकृष्ण मिशन का खेल में विशेष सहयोग और योगदान हैं। उन्होंने नारायणपुर में सेल के सहयोग से खेल सुविधाओं को तैयार किया गया है। सेल और भिलाई इस्पात संयंत्र की सराहना करते हुए उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि उम्मीद है कि बहुत अच्छा खेल यहां होगा। इस अवसर पर पुराने खिलाड़ियों एसएन नेमा, पीएन त्रिपाठी, मोईनुद्दीन हनीफ, एल बीपीएस ठाकुर, मोहनदासन, गनी अहमद, शंकर लाल यादव, अशोक पंचोली, अरुण मिश्रा, एसपी सिंह, सुदामा प्रसाद, निर्मल सिंह, परविन्दर सिंह का सम्मान किया गया। इन सितारों ने भिलाई की ओर से देश में नाम रौशन किया है।





### 28 तक खेले जाएंगे मैच, विजेता टीम होगी सम्मानित

सेल वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2025 के उद्घाटन के पश्चात पहला मैच बोकारो इस्पात संयंत्र और दुर्गापुर इस्पात संयंत्र के बीच मैच खेला गया। दूसरे मैदान में सेल निगमित कार्यालय और राउरकेला इस्पात संयंत्र के बीच खेला गया। 28 फरवरी तक भिलाई में आयोजित सेल वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2025 में भिलाई इस्पात संयंत्र की वॉलीबॉल टीम के साथ-साथ सेल की 7 अन्य इस्पात संयंत्रों की टीमें भी भाग ले रही है। भाग लेने वाली अन्य टीमों में डीएसपी, दुर्गापुर, आईएसपी, बर्नपुर, आरएसपी, राउरकेला, एसएसपी, सेलम, सीएमओ, कोलकाता, बीएसएल, बोकारो, आरडीसीआईएस, रांची, और सेल-कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली की टीम शामिल हैं।



सिटी इवेंट

## बीएसपी के निदेशक प्रभारी को सौंपा 'नराकास, राजभाषा' का पुरस्कार



**भिलाई।** बीएसपी के निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित समारोह में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने निदेशक प्रभारी एवं अध्यक्ष (नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग) अनिर्बान दासगुप्ता को 'नराकास, राजभाषा सम्मान' का प्रथम पुरस्कार की शील्ड भेंट की। यह पुरस्कार मध्य, पश्चिम एवं उत्तर क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), भोपाल द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए मध्य क्षेत्र का 'नराकास राजभाषा सम्मान, प्रथम पुरस्कार' प्रदान किया गया था। इस अवसर पर ईडी एके चक्रवर्ती, राकेश कुमार, सीजीएम सुशील कुमार, सुशांत कुमार घोषाल, प्रमोद कुमार, रविशंकर, अयन कुमार मिश्रा, जीएम अमूल्य प्रियदर्शी, अतुल नौटियाल, महाप्रबंधक आनंद कुमार सिंह, उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी उपस्थित थे।

■ नराकास राजभाषा सम्मान बीएसपी को मिला

लाइव इवेंट

## नशामुक्ति व स्वच्छता का नारा लगाकर ग्रामीणों को किया जागरुक




**भिलाई।** बी एम महाविद्यालय कोलिहापुरी पुलगांव दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला में सामुदायिक शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कि शुरुआत सुबह 9 बजे बी. एड. प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा जागरूकता रैली निकाल कर की गई। जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति, स्वच्छता सम्बंधित नारा लगाकर जागरूक किया गया। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा गृह परिवार सर्वेक्षण प्रपत्र के माध्यम से वहां के लोगों कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता आदि कि जानकारी इकत्रित किये। कार्यक्रम में महाविद्यालय डायरेक्टर भानुमति साव, महाविद्यालय प्राचार्य, पार्षद सविता पोषण साहू, हिरौन्दी चन्दनिया एवं सभी शिक्षक सामुदायिक भवन पर माँ सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पुष्प अर्पण कर किया गया। उसके बाद महाविद्यालय प्रशिक्षणार्थियों द्वारा रोड शेफ्टी पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाने, बिना शराब पिये गाड़ी चलाने पर जोर दिया। अंत में शा. माध्य. शाला पोटियाकला के विद्यार्थियों के मध्य खेल कूद एवं सामान्य ज्ञान सम्बंधित प्रतियोगिता कराया गया एवं विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। सविता पोषण साहू द्वारा आभार व्यक्त करते हुये लोगों को शिक्षा स्वच्छ्ता, एवं नशा मुक्ति सम्बंधित जानकारी दी गयी एवं कार्यक्रम कि सराहना क्री। हिरौन्दी चन्दनिया ने बी.एम. महाविद्यालय क्री सामुदायिक शिविर क्री सराहना करते हुये बताया क्रि यह वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य को ध्यान मे रखते हुये बहुत आवश्यक है। भविष्य में ऐसे आयोजन ग्रामीणों की जागरुकता बढ़ाने के लिए जरुरी है।

सिटी इवेंट

## कार्मिकों ने एसो. की विभागीय कमेटी बनाने पर खुशी की जाहिर



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट -2 विभाग में बीएसपी, एससी-एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन की विभागीय समिति का गठन करने के संदर्भ में सिंटर प्लांट 2 के सभागार मे एसोशिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद की अध्यक्षता मे कार्मिकों की बैठक आयोजित की गई।बैठक मे सिंटर प्लांट 2 के कार्मिकों ने अपने कार्यस्थल की समस्याओं से एसोशियेशन को अवगत कराया। कार्मिकों द्वारा एसोसिएशन की विभागीय कमेटी बनाने पर खुशी जाहिर की गई। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने कहा कि इन कमेटियों के माध्यम से आप अपने विभाग एवं अपनी समस्या को एसोशियेशन के झंडे के तले प्रबंधन के चर्चा कर हल निकाल सकते हैं। एसोशियेशन अपने सभी कार्मिकों से सीधा सम्पर्क बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है और इसमे सभी कर्मचारी व अधिकारियों का सहयोग मिल रहा है। अध्यक्ष ने कहा की अपने विभाग के सभी कर्मचारी को एसोशियेशन की सदस्यता दिलाकर एसोशियेशन को मजबूत करना है, जिससे हम सब की समस्याओं के समाधान मे आसानी होगी। इस दौरान महासचिव विजय कुमार ने एसोशियेशन की जानकारी के साथ भविष्य मे किये जाने वाले कार्यो की रूपरेखा से सदस्यों को अवगत कराया और कहा कि संगठन मे बहुत ताकत होती है हम मेहनती लोग है कर्म में विश्वास रखते है कर्म करते हुए हक और अधिकार को भी सुरछित रखना है।अगली बैठक मे सिंटर प्लांट 2 की विभागीय कमेटी का विधिवत चुनाव कर गठन किया जायेगा। इस अवसर पर एसोशियेशन के उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सूर्यवंशी, उमेश सूर्यवंशी, उदय कुमार राम, देवेंद्र कुमार आडिल, बाबूलाल, उमेश कुमार सूर्यवंशी, शिवकुमार गोड़, राधेश्याम ध्रुव, दीक्षित कुमार सिदार, जसवंत नेताम, केदार प्रसाद माझी, अजंता टिपले सहित अन्य उपस्थित थे। सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने एसोसिएशन के साथ मिलकर कार्य करने एवं संगठन को नए आयाम देने में पदाधिकारियो के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने का संकल्प लिया। साथ ही सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने चर्चा की गई।

● बम्लेश्वरी मंदिर में 50 वें स्वर्ण प्रकटोत्सव पर पांच कुंडीय शतचंडी यज्ञ

# जय हनुमान ज्ञान गुण सागर से गूंजा श्री जगदंबा मंदिर परिसर, मनोकामना के लिए श्रद्धालुओं ने डाली आहुति

**भिलाई।** धार्मिक उल्लास और माता की भक्ति का संगम... पावन वातावरण में गूंजती मत्रों की मंगल ध्वनि,अपने मनोरथों की कामना में समिधा के साथ माता की आराधना करते श्रद्धालु और जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपीश तिहुं लोग उजागर....। मांग जगदंबा डोंगरगढ़ वासिनी बम्लेश्वरी मंदिर सेक्टर 6 में आज मंगलवार को ऐसा ही पावन दृश्य था। बम्लेश्वरी मंदिर के 50 वर्ष पूर्ण होने पर सात दिवसीय पचासवें स्वर्ण प्रकटोत्सव के पांचवें दिन पांच कुंडीय शतचंडी यज्ञ और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुए। श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामना ने आहुतियां डालने के साथ माता की आराधना की। आज के धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत सुबह 10 बजे गौरी गणपति और वेदी पूजन से हुई। श्री शंकराचार्य के शिष्यों द्वारा विधि विधान से हवन पूजन करवाया गया। पांच कुंडीय शतचंडी यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालीं। दोपहर तीन बजे से श्रद्धालुओं के मनोरथों को पूर्ण करवाने के लिए पांच कुंडीय चंडी यज्ञ में यजमानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ समिधा डाली। दाम्पत्य जीवन सुख समृद्धि, ग्रह बाधा निवारण के लिए हवन हुए। इसके बाद मां बम्लेश्वरी की महाआरती हुई और भोग के बाद प्रसाद वितरित किया गया।





### सामूहिक हनुमान व दुर्गा चालीसा पाठ

हवन पूजन के बाद मंदिर परिसर संकटमोचन हनुमान और मां जगदंबा के जाप और आराधना से गूंज उठा। श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। भक्त रामभक्त हनुमान की भक्ति में रमे रहे। इसके बाद दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया। भक्तिमय माहौल में महिलाएं, बड़े बच्चे सभी भक्त माता की भक्ति में रमे रहे। रात 8 बजे से सुमन टिकरिया पार्टी द्वारा भक्तिमय बारामती की झांकी की प्रस्तुति हुई। सुमधुर भजनों और झांकी का श्रद्धालु देर रात तक आनंद उठाते रहे। अनुष्ठान के छठे दिन बुधवार महाशिवरात्रि पर देवी मां का अभिषेक और महारुद्राभिषेक के बाद पूर्णाहुति होगी। शाम को महाआरती बाद 8 बजे से भजन गायक सुनील द्विवेदी द्वारा देवी पर प्रवचन और भजन होगा।

पांचवें दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



आज होगा शिवाभिषेक...

## स्कंदाश्रम हुडको में तमिलनाडु के पंडित वैदिक मंत्रोच्चार से करा रहे अनुष्ठान



**भिलाई।** महाशिवरात्रि के अवसर पर स्कंद्श्रम हुड़को भिलाई में 23 से 27 फरवरी तक महारुद्रम अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें तमिलनाडु के विद्वान पंडित वैदिक मंत्रोच्चार से सभी अनुष्ठान विधि-विधान से संपन्न करा रहे है। आश्रम में आयोजित महाशिवरात्रि पर्व का यह 16वां वर्ष है। जिसके पहले दिन 23 फरवरी को यह अनुष्ठान सुबह 7 बजे गणपती पूजन से शुरु हुआ। उसके बाद महासङ्कल्पम, अनुगनाई एवं महान्यासम से पूजा की शुरुवात हुई। उसके बाद 12 बजे से महारुद्रम जाप, अभिषेकम एवं दोपहर दीप आराधना की गई। यह महारुद्रम जाप, अभिषेकम लगातार चलते हुए मंगलवार की शाम को 4.30 बजे शिवजी की प्रदोष पूजा की गई। आश्रम के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार की सुबह 6.30 बजे से सभी भक्तों के लिये शिवलिंग में अभिषेक की व्यवस्था रखी गई है जो भक्त अभिषेक करना चाहता है वो अभिषेक कर सकते है। साथ ही साथ महारुद्रम जाप, अभिषेकम लगातार गुरुवार की सुबह 4.30 बजे तक चलेगा। जिसके बाद 10 बजे से हवन होगा जो दोपहर 1 बजे तक होगा। स्कंद्श्रम महारुद्रम का यह 16वां वर्ष है महारुद्रम सर्वशक्तिमान अरबब्रह्म भगवान शिव से प्रार्थना करने का एक अनूठा अनुष्ठान है, जिसे इरोड (तमिलनाडु) के सप्तगिरि सस्त्रिगल के नेतृत्व में वैदिक विद्वानों की टीम द्वारा किया जाएगा।



सेंट थॉमस कॉलेज की उपलब्धि

## 10 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय सम्मेलन के पोस्टर स्पर्धा में लिया हिस्सा



**भिलाई।** सेंट थॉमस कॉलेज के रसायन विभाग के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय सम्मेलन पंडित रविशंकर शुक्लविश्वविद्यालय के पोस्टर प्रतियोगिता भाग में लिया और केंद्रीकृत प्रयोगशाला का भी दौरा किया। इस प्रतियोगिता में रसायन विज्ञान विभाग के 10 विद्यार्थियों ने भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में एमएससी चौथे सेमेस्टर रसायन विज्ञान विभाग की साक्षी वैष्णव ने दूसरा पुरस्कार जीता और एमएससी द्वितीय सेमेस्टर रसायन विज्ञान विभाग की शाजिया इरम ने सांत्वना पुरस्कार जीता। विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किये गये। रसायन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अरविंद साहू ने अनिल वर्गीस की मदद से विषय के चयन से लेकर पोस्टर तैयार करने तक सभी प्रतिभागियों की देखरेख की। यह कार्यक्रम डॉ. जेम्स मैथ्यू विभागाध्यक्ष एवं डॉ. चंदा वर्मा अतिरिक्त विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान विभाग द्वारा दिया गया। इस दौरान सेंट थॉमस कॉलेज के प्रशासक रेव्ह फादर डॉ. पी. एस. वर्गीस और प्राचार्य डॉ. एम जी रॉयमान ने विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लेने प्रोत्साहित किया।

### बोहारडीह में रामायण प्रतियोगिता आज से

**सेलूद।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आदिवासी ध्रुव गोंड समाज व समस्त ग्रामवासी बोहारडीह के सहयोग से 26 व 27 फरवरी को रामायण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में प्रसिद्ध मंडलियां भाग लेंगे। यह जानकारी समिति के सदस्य दानेश्वर साहू ने दी है।

आर्य समाज, आर्य वीर दल और बजरंग दल का आयोजन

## महर्षि दयानंद की 201वीं जयंती पर 2001 दीप जलाकर सत्यार्थ प्रकाश का दिया संदेश

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर आर्य नगर, आर्य वीर दल, बजरंग दल, सनातन महासंघ मोदी के सहयोग से महर्षि दयानंद सरस्वती के 201वीं जयंती के अवसर पर 2001 दीप जलाकर उनके संदेशों का प्रचार-प्रसार किया। पहला दीपक आचार्य डॉ. अजय आर्य ने प्रज्वलित कर सभी भक्तों में मिलकर 2000 से अधिक दीपक जलाया। इस दौरान आचार्य अंकित शास्त्री ने 1 घंटे तक लगातार मंत्र पाठ किया।



### अनेक कार्यक्रमों का किया आयोजन

आर्य समाज के श्रद्धालु तथा हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने महर्षि दयानंद जयंती दयानंद दशमी के अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया। आर्य समाज सेक्टर 6 भिलाई में भजन कार्यक्रम में भारती जैन ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। अवनी भूषण पुरंग ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अग्रसेन चौक दुर्ग में एक हजार लोगों को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया।



### सनातन धर्म देश के गौरव

इस अवसर पर आचार्य डॉ अजय आर्य ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती को समझे बगैर सनातन धर्म संस्कृति परंपरा को ना तो समझा जा सकता और न ही बचाया जा सकता। स्वामी दयानंद सरस्वती ने वैदिक ज्ञान परंपरा को ही सनातन माना था। वे आजीवन इसकी प्रतिष्ठा के लिए संघर्षरत रहे। महर्षि दयानंद की जय बोलने से हमारा यह कर्तव्य हो जाता है कि हम सनातन धर्म संस्कृति परंपरा और देश के गौरव को बढ़ाने के लिए कार्य करें। प्रधान संजय आर्य ने कहा स्वामी दयानंद ने सत्यार्थ प्रकाश के माध्यम से ज्ञान भरी दुनिया में ज्ञान का प्रकाश फैलाया था। अंकित शास्त्री, आर्य समाज के मंत्री मनोज, बजरंग दल के राकेश तिवारी ने बताया कि स्वामी दयानंद सरस्वती और स्वामी श्रद्धानंद का जीवन को धर्म और समाज को सुरक्षित और एकत्रित करने के लिए समर्पित था। इस अवसर पर डॉ अजय आर्य, प्रधान संजय आर्य, मंत्री मनोज आर्य, कोषाध्यक्ष कृष्णमूर्ति आर्य, आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 के पुरोहित आचार्य अंकित शर्मा, हिमांशु आर्य, रवि आर्य, प्रवीण गुप्ता, आर्य वीरांगना दल जिला संचालिका साक्षी आर्या, नीता चौरसिया, जिलामंत्री कविता आर्या, बसंती यादव, दामिनी साहू, किरण आर्या, अंकित आर्य, तुषार आर्य, आयुष आर्य, आनंद आर्य, बजरंग दल से विभाग संचालक राम लोचन तिवारी, जिला संचालक सौरभ देवांगन एवं समस्त आर्य समाज, आर्य वीर दल एवं छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के सदस्य उपस्थित रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सिंधी प्रीमियर लीग की धमाकेदार शुरुआत



रायपुर। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई की ओर से सिंधी प्रीमियर लीग का आयोजन 24 फरवरी से शुरू हुआ जो 9 मार्च तक चलेगा। शुरुआत में शदाणी दरबार तीर्थ के संत युधिष्ठिर लाल ने दोनों टीम का टॉस कराया। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ एवम अविनाश माखीजा ने बताया कि रोज 4 मैच खेले जा रहे हैं। दस टीम की एंट्री आई है जिसमें 140 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। रोज शाम 5 बजे से सुभाष स्टेडियम ग्राउंड रायपुर में मैच हो रहे हैं। इस दौरान संत युधिष्ठिर लाल ने कहा युवा का सबसे प्रिय खेल क्रिकेट है अगर सिंधी समाज का युवा इसपर रुचि ले तो नेशनल भी खेल सकता है बस उसको जुनून होना चाहिए। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा मोबाइल की दुनिया से दूर मैच का सभी आनंद ले रहे है और यूट्यूब में लाइव भी देखा जा सकता है। इस दौरान पार्षद अमर गिदवानी एवम सचिन मेघानी का भी सम्मान किया गया। वहीं भव्य आतिशबाजी की गई। इस आज के आयोजन में संत युधिष्ठिर लाल, पार्षद अमर गिदवानी, सचिन मेघानी, संजय रहेजा, विक्की लोहाना, सुनील कुकरेजा मुखी, अशोक नैनानी, अशोक माखीजा, धनेश मटलानी, मनीष थारानी, महेश आहूजा, अविनाश माखीजा, आकाश गजवानी, बंटी चावला, पंकज बजाज, राहुल होतवानी, सुमीत नानवानी, अभय आठवानी और सुमीत आठवानी सहित अन्य लोगों की सक्रिय भागीदारी रही।

### अग्रवाल प्रीमियर लीग में स्पार्टंस ने अग्रवंशी को हराया



रायपुर। अग्रवाल युवा मंडल द्वारा आयोजित अग्रवाल प्रीमियर लीग 3.0 बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का बीती रात 9 बजे फाइनल मैच समाप्ति के बाद समापन समारोह मनाया गया। जिसमें अग्रवाल समाज के लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आयुष मुसरका ने बताया कि फ़ाइनल मैच के बेहद रोमांचक मुक़ाबले में कचना मोहल्ले की टीम स्पार्टंस ने समता मोहल्ले की अग्रवंशी समता को 38 रन से करारी शिकस्त देकर ट्रॉफी अपने नाम की।

अग्रवाल सभा के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि रायपुर नगर निगम की नव निर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने विजेता ट्रॉफ़ी और पुरस्कार राशि कैप्टन नवल अग्रवाल को प्रदान की। अग्रवाल समाज के तीनों पार्षद कृतिका जैन , आनंद अग्रवाल और अम्बर अग्रवाल ने रनरअप ट्रॉफी और पुरस्कार कैप्टन रोहित अग्रवाल को दी।

मुख्य अतिथि मीनल चौबे ने कहा कि समाज में ऐसे आयोजन युवाओं को एकजुट करने के लिए होते रहने चाहिए। विजेता टीम को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि जिसका संकल्प दृढ़ होता है जीत उन्हीं को मिलती है। महापौर ने बैटिंग में भी हाथ जमाया और पार्षद कृतिका जैन के बॉल पर चौका भी लगाया। फ़ाइनल के मैन ऑफ़ द मैच नवल अग्रवाल , बेस्ट बैट्समैन और प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट हर्ष मित्तल , बेस्ट बॉलर सुयश गुप्ता और बेस्ट फ़ील्डर अभिनव अग्रवाल रहे। युवा मंडल अध्यक्ष राम अग्रवाल ने शानदार आयोजन में सहयोग के लिए सभी साथियों और सहयोगी रवि अग्रवाल और रवि मित्तल का धन्यवाद दिया और साथ ही कहा कि यह आयोजन प्रति वर्ष होता रहेगा। सभा की ओर से महामंत्री मनमोहन अग्रवाल,प्रभारी सुभाष अग्रवाल,संगठन मंत्री योगी अग्रवाल और आयुष अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय बैडमिंटन में जारी है रोमांचक मुकाबले

रायपुर। छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के



तत्वावधान में अस्मिता बालिका एवं महिला एकल राज्य स्तरीय स्पर्धा का आयोजन सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल में मंगलवार की शाम शुरू हुआ। 28 फरवरी तक जारी यह स्पर्धा 17, 19 वर्ष बालिका व सीनियर महिला वर्ग एकल के प्रारूप में है। 19 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल के चारों ग्रुप के लीग मैचों के परिणाम में ग्रुप ए में आयुषी मजूमदार (कोरबा) ने निकिता चावला (रायपुर) को 21-18,21-17 से , तिष्य मुक्ता (रायपुर) ने आरुषि अलावा (रायपुर) को 21-14,21-18 से हराया।

ग्रुप बी में दीया आहूजा (बिलासपुर) ने मान्या गुप्ता (रायपुर) को 14 -21,21-14,21-19 से, श्वेता परदेसी (रायपुर) स्निग्धा सिंह (दुर्ग) को 21-6,21-6 से, मान्या गुप्ता (रायपुर) ने स्निग्धा सिंह (दुर्ग) को 21-9,21-9 से, श्वेता परदेसी (रायपुर) ने अपला दीक्षित (रायपुर) को 21-10, 21-11 से हराया।

## चिकित्सक से मिलकर जरूर परामर्श लें

# अक्सर थकान-कमजोरी से परेशान रहने वालों को सावधानी बरतने की जरूरत, हो सकता है किसी गंभीर बीमारी का संकेत

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कई बार आपके बहुत ज्यादा थके हुए महसूस होते रहना का एक कारण कुछ प्रकार की बीमारियां भी हो सकती हैं। यही वजह है कि अगर आपको लंबे समय थकान महसूस होती रहती है तो एक बार डॉक्टर से मिलकर इसकी जांच जरूर करा लें।

थकान और कमजोरी होना काफी आम है, ये दिक्कतें किसी को भी हो सकती हैं। बहुत ज्यादा शारीरिक या फिर मानसिक रूप से मेहनत के कारण आप थका हुआ महसूस कर सकते हैं। पर क्या अक्सर आराम करते रहने के बावजूद भी आप सुस्त रहते हैं, कुछ काम करने का दिल नहीं करता? अगर हां तो सावधान हो जाइए ये किसी अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या का संकेत भी हो सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, थकान और कमजोरी होने के कई कारण होते हैं, जिनमें पोषण की कमी, मानसिक तनाव, लाइफस्टाइल और कुछ बीमारियां भी शामिल हैं। इसके अलावा पर्याप्त नींद न लेना भी एक कारण है जिससे आप थके हुए महसूस हो सकते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कई बार आपके बहुत ज्यादा थके हुए महसूस होते रहना का एक कारण कुछ प्रकार की बीमारियां भी हो सकती हैं। यही वजह है कि अगर आपको लंबे समय थकान महसूस होती रहती है तो एक बार डॉक्टर से मिलकर इसकी जांच जरूर करा लें।



### क्यों होती है बहुत ज्यादा थकान?



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिन लोगों में पोषक तत्वों की कमी होती है, उन्हें अधिक थकान महसूस होता रह सकता है। विशेषतौर पर शरीर में आयरन की कमी होने से हीमोग्लोबिन का स्तर घट जाता है, जिससे ऑक्सीजन की आपूर्ति सही ढंग से नहीं हो पाती और आप अधिक थकान महसूस करते रहते हैं।

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की एक रिपोर्ट बताती है कि दुनियाभर में 30% लोग आयरन की कमी से ग्रस्त हैं जो संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है। इसके अलावा विटामिन-डी और बी12 की कमी के कारण भी आपको थकान हो सकती है। आइए जानते हैं कि कौन सी बीमारियां आपको बहुत थका हुआ महसूस कर सकती हैं?

### कहीं आप डिप्रेशन का शिकार तो नहीं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के अनुसार, लंबे समय तक तनाव बने रहने की स्थिति शरीर की ऊर्जा को नष्ट करने लगती है। क्रोनिक स्ट्रेस और डिप्रेशन से शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे थकान महसूस होती है। इसका एक कारण ये भी है कि ज्यादा चिंता होने की स्थिति आपके नींद को प्रभावित करने लगती है और नींद पूरी न होने से थकान और भी अधिक होती है।

### आपको एनीमिया या थायरॉइड तो नहीं?

बिना अधिक शारीरिक मेहनत के भी थकान की समस्या बने रहना कई बार एनीमिया और किसी अन्य बीमारी का भी कारण हो सकता है। एनीमिया के कारण जब शरीर में पर्याप्त लाल रक्त कोशिकाएं नहीं बनतीं, तो ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित होने लगती है जिस वजह से आप कमजोरी महसूस कर सकते हैं।



इसके अलावा थायरॉइड विकार के कारण भी आपको ये दिक्कत हो सकती है। थायरॉइड हार्मोन के उत्पादन में कमी या अधिकता के कारण भी आपको सुस्ती और थकान हो सकती है। एनीमिया या थायरॉइड दोनों का समय पर इलाज जरूरी हो जाता है।

### इन समस्याओं के कारण भी होती है थकान

अक्सर थकान और कमजोरी होते रहने के इन कारणों पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी है। ल्यूपस, मल्टीपल स्क्लेरोसिस और रूमेटॉइड आर्थराइटिस जैसी बीमारियों में इम्यून सिस्टम स्वस्थ कोशिकाओं पर अटैक कर देता है।



# इम्यूनिटी बढ़ाना गलत नहीं लेकिन बचिए इन आदतों से

आज के व्यस्त जीवन में हर कोई स्वस्थ और रोगमुक्त रहने की चाहत रखता है। इसके लिए इम्यूनिटी को मजबूत रखना बेहद जरूरी है। हम अक्सर अपनी इम्यूनिटी को बूस्ट करने के लिए कई तरह के घरेलू उपाय, सप्लीमेंट्स और डाइट प्लान अपनाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ चीजें और आदतें, जिन्हें हम सेहतमंद मानते हैं, वास्तव में हमारी इम्यूनिटी को कमजोर कर सकती हैं?

आइए जानते हैं उन सामान्य आदतों और खाद्य पदार्थों के बारे में, जो आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर बना सकते हैं, और यह भी समझें कि उनसे कैसे बचा जा सकता है।

### अधिक मात्रा में जिंक का सेवन फायदेमंद या नुकसानदायक?

कोविड-19 महामारी के बाद जिंक सप्लीमेंट्स का उपयोग अचानक बढ़ गया। इसे इम्यूनिटी बूस्टर माना गया, और लोग इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने लगे। लेकिन न्यूट्रिशनिस्ट रिद्धि खन्ना के अनुसार, जिंक की अधिक मात्रा हमारे शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकती है। जिंक के अत्यधिक सेवन से शरीर में आयरन और कॉपर जैसे महत्वपूर्ण मिनरल्स का अवशोषण (अवशोषण) प्रभावित होता है। खासकर कॉपर, जो इम्यूनिटी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, की कमी हो सकती है। इसीलिए, बिना डॉक्टर या न्यूट्रिशनिस्ट की सलाह के जिंक सप्लीमेंट्स लेने से बचें। अगर जरूरी हो, तो इसकी मात्रा सीमित रखें।

### हेल्दी फैट्स की अनदेखी



फैट्स का नाम सुनते ही हम अक्सर इसे अपने डाइट से निकालने की सोचने लगते हैं, खासकर जंक फूड और अधिक तैलीय खाने के इस दौर में। लेकिन सभी फैट्स खराब नहीं होते। वास्तव में, कुछ हेल्दी फैट्स हमारी इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करते हैं।

सैचुरेटेड फैट्स (जैतून का तेल, एवोकाडो और कुछ मेवे) और पॉलीसैचुरेटेड फैट्स (मछली, चिया बीज, अखरोट) में पाए जाने वाले ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी एसिड इम्यूनिटी को मजबूत बनाते हैं। इसलिए, पूरी तरह से फैट्स को नजरअंदाज करने की बजाय, हेल्दी फैट्स को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं।

### फलों और सब्जियों को जरूरत से ज्यादा धोना

फलों और सब्जियों को धोकर खाना एक अच्छी आदत है, लेकिन जरूरत से ज्यादा धोना या उन्हें रगड़कर उनकी बाहरी परत को हटा देना भी नुकसानदेह हो सकता है। ऐसा करने से उनमें मौजूद जरूरी पोषक तत्व और प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट्स कम हो सकते हैं। इसीलिए, फलों और सब्जियों को हल्के गुनगुने पानी से धोएं और सीधे उपयोग करें। जरूरत से ज्यादा साफ-सफाई से बचें।

### अत्यधिक व्यायाम- लिमिट का रखें ध्यान

वजन कम करने या फिट रहने की चाह में कई बार हम जरूरत से ज्यादा वर्कआउट करने लगते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, ओवरएक्सरसाइजिंग शरीर पर दबाव डालती है और इम्यून सिस्टम को कमजोर करती है।



# घर में ईशान कोण दिशा का महत्व जानिए, होगा लाभ

वास्तु के अनुसार आपके घर की प्रत्येक दिशा विशेष महत्व रखती है और उनमें कुछ विशेष चीजों को रखने की सलाह दी जाती है। ऐसे ही घर में एक मुख्य स्थान होता है ईशान कोण। आइए जानें इसके महत्व और इससे जुड़ी कुछ बातें।



### क्या होता है घर का ईशान कोण

ईशान कोण घर की उत्तर-पूर्व दिशा होती है, वास्तु शास्त्र में इसे घर की सबसे पवित्र और शुभ दिशा के रूप में देखा जाता है। यह दिशा चार प्रमुख दिशाओं उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम के बीच पूर्व और उत्तर के मिलन बिंदु पर स्थित होती है। इस दिशा को हिंदू धर्म में विशेष स्थान प्राप्त है, क्योंकि इसे ईश्वर की दिशा के रूप में देखा जाता है। यह दिशा घर के सभी निवासियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, समृद्धि और रिश्तों को प्रभावित करती है।

ईशान कोण को 'आध्यात्मिक द्वार' भी कहा जाता है, क्योंकि यह ऊर्जा के प्रवाह को नियंत्रित करता है और घर में शांति और संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। इसकी विशेषताओं की वजह से इस दिशा का उपयोग ध्यान, पूजा, और पढ़ाई जैसे कार्यों के लिए किया जाता है।

### ईशान कोण दिशा का महत्व

ईशान कोण वह दिशा है जो शारीरिक और आध्यात्मिक दोनों रूपों को जोड़ने का कार्य करती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, यह दिशा पवित्रता, ज्ञान और आध्यात्मिक प्रगति का प्रतीक है। ऐसा माना जाता है कि इस दिशा में ऊर्जा का प्रवाह मानसिक स्पष्टता, मानसिक शांति और वित्तीय समृद्धि को प्रभावित करता है। उत्तर-पूर्व को हमेशा स्वच्छ और अव्यवस्था से मुक्त रखना जरूरी होता है, जिससे सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह निर्बाध रूप से चलता रहे। यह दिशा व्यक्ति के दिव्य शक्ति से जुड़ाव को बढ़ाती है और आंतरिक शांति प्रदान करती है। एक पूजा कक्ष, छोटा मंदिर या ध्यान का स्थान उत्तर-पूर्व में सकारात्मक ऊर्जा और आशीर्वाद आकर्षित करने में सहायक हो सकता है।

इसके साथ ही चूंकि यह दिशा ज्ञान और बुद्धि से जुड़ी हुई होती है, इसलिए, यह अध्ययन या पढ़ाई के लिए भी आदर्श मानी जाती है। यदि इस दिशा में स्टडी टेबल मेज या किताबों का स्थान रखा जाए तो यह पढ़ने वाले छात्रों को एकाग्रता, ध्यान और मानसिक स्पष्टता प्रदान करने में मदद करती है।

# जले हुए पैन को चमका देगी प्याज की यह ट्रिक

जला बर्तन साफ करने में खूब मेहनत लगती है। लेकिन, क्या आप जानती हैं प्याज की एक ट्रिक से जला पैन साफ किया जा सकता है? अगर नहीं, तो आइए यहां डिटेल से इस बारे में जानते हैं।



चाइनीज या तली-भुनी चीजें बनाते समय पैन या बर्तन का जलना आम समस्या है। जलने की वजह से पैन या बर्तन की सतह पर कालापन आ जाता है। इससे पैन या बर्तन की केवल खूबसूरती ही नहीं खराब होती है, बल्कि अगली बार खाना पकाने पर स्वाद भी बिगड़ सकता है। ऐसे में जले पैन या बर्तन की सफाई करना जरूरी हो जाता है।

जले पैन या बर्तन की सफाई करना एक मुश्किल काम हो सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि कई बार घिसने पर भी जले पैन या बर्तन की सफाई नहीं हो पाती है। ऐसे में प्याज आपकी मदद कर सकता है। जी हां, प्याज में ऐसे एसिडिक और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो बर्तन के कालेपन और जले निशानों को हटाने में मदद कर सकते हैं। आइए, यहां जानते हैं कि प्याज से किस तरह जला बर्तन या पैन साफ किया जा सकता है।

### प्याज की इस ट्रिक से क्लीन कर सकती हैं जला पैन

जले बर्तन की सफाई और प्याज में क्या कनेक्शन है, यह सोचकर अगर आप कंफ्यूज हो रही हैं तो इसकी जरूरत नहीं है। अगर आप अपना जला पैन साफ करना चाहती हैं, तो सबसे पहले एक प्याज लें और उसके छिलके निकाल लें। प्याज छिलने के बाद उसे बारीक या मोटा अपनी पसंद से काट लें। अब जला पैन या बर्तन में पानी डाल दें और गैस पर गर्म होने के लिए छोड़ दें।

गर्म पानी में प्याज के कटे टुकड़े और कुछ छिलकों को डाल दें। प्याज डालने के बाद आप चाहें तो एक से दो चम्मच व्हाइट विनेगर भी पानी में डाल सकती हैं। अब प्याज और सिरके के इस घोल को 5 से 7 मिनट के लिए उबलने दें। जब आपको लगे कि पानी उबलकर आधा या उससे कम हो गया है, तो छिलके और प्याज को बाहर निकाल लें। आखिरी में पैन या बर्तन को साबुन और पानी से नॉर्मल सफाई करें।

## कॉर्नर न्यूज

## कॅरियर बदलना हो तो इन टिप्स पर जरूर ध्यान दें

# स्मार्ट तरीके को अपनाकर स्विच करें कॅरियर जीवन में नहीं होगी पैसों की कोई परेशानी

अमूमन जब हम अपना करियर स्विच करते हैं तो उस दौरान अक्सर हमें पैसों की परेशानी होती है। हालांकि, अगर आप स्मार्ट तरीका अपनाते हैं तो ऐसे में आपको पैसों की तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा। कई लोगों के साथ ऐसा होता है कि वे अपने करियर को लेकर संतुष्ट नहीं होते हैं। कभी वे अपने काम के साथ खुश नहीं होते हैं तो कभी करियर ग्रोथ व उस फील्ड में भविष्य उन्हें निराश करता है। ऐसे में वे अपना करियर बदलने पर विचार करते हैं। करियर बदलना यकीनन एक बड़ा फैसला है। हालांकि, जब भी हम करियर बदलने के बारे में सोचते हैं तो सबसे पहले हमें पैसों की चिंता सताने लगती है। हमें ऐसा लगता है कि करियर बदलने और सफल होने के बीच फाइनेंशियल स्टेबिलिटी पर गहरा असर पड़ेगा। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि जब आप किसी नई फील्ड में खुद को स्थापित करने की जद्दोजहद में लगे रहते हैं, उस समय आपको मनचाही सैलरी नहीं मिलती। ऐसे में करियर स्विच के दौरान अक्सर हमें पैसों की परेशानी का सामना करना ही पड़ता है।



### करें फाइनेंशियल प्लानिंग

जब आप करियर स्विच करने का प्लान कर रहे हैं, तो ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि सबसे पहले फाइनेंशियल प्लानिंग जरूर करें। इसके लिए आप सबसे पहले एक इमरजेंसी फंड बनाएं। यह सुनिश्चित करें कि कम से कम 6 महीने के रहने के खर्च के बराबर आपके पास बचत हो। इसके अलावा, आप अनावश्यक खर्चों में कटौती करें। जिससे आप अपनी बचत के आधार पर ही अपना खर्च आसानी से चला सकें।

### ना छोड़ें नौकरी



जब आप नए करियर में स्विच कर रहे हैं तो एकदम से नौकरी छोड़ने की गलती ना करें। अगर आप एक प्लानिंग के साथ आगे बढ़ते हैं तो इससे आपके लिए चीजें अधिक आसान होंगी। मसलन, आप पहले अपने करियर की जरूरतों को समझते हुए ऑनलाइन कोर्स करें। साथ ही साथ, वर्कशॉप्स व नेटवर्किंग इवेंट्स का हिस्सा बनें। लेकिन इस दौरान अपनी नौकरी करते रहें। इससे आप धीरे-धीरे नई फील्ड में अपनी पैठ आसानी से बना पाएंगे और आपको पैसों से जुड़ी परेशानी भी नहीं होगी।

### पार्ट टाइम जॉब का चुनें रास्ता

अगर आपको ऐसा लगता है कि आपका करियर काफी डिमांडिंग है और ऐसे में आपको नई फील्ड में खुद को स्थापित करने के लिए जॉब छोड़नी ही पड़ेगी तो ऐसे में आप कमाई के नए रास्ते ढूंढने का प्रयास करें। मसलन, आप पार्ट टाइम जॉब कर सकते हैं या फिर अपने अनुभव के आधार पर फ्रीलांसिंग वर्क भी कर सकते हैं। इस तरह आपको पैसों की तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा और साथ ही साथ आप अपना करियर भी आसानी से स्विच कर पाएंगे।

### सही समय पर करें स्विच

करियर स्विच करना एक बड़ा फैसला है और करियर स्विच करने के बाद आपको आर्थिक या मानसिक रूप से परेशानी का सामना करना पड़े, इसके लिए जरूरी है कि आप सही समय पर स्विच करें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'मियामी ब्लूज' जैसी फिल्म देने वाले निर्देशक जॉर्ज ने 83 साल की उम्र में कहा अलविदा



सुपरहिट मूवी 'मियामी ब्लूज' से लोकप्रियता हासिल करने वाले निर्देशक जॉर्ज आर्मिटेज ने 83 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके बेटे ब्रेंट ने इस दुखद खबर की पुष्टि की। वह 'ग्रॉस पॉइंट ब्लैंक' और 'मियामी ब्लूज' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते थे।

जॉर्ज आर्मिटेज ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 20वीं सेंचुरी फॉक्स के मेलरूम से की थी। वह 1960 के दशक में टीवी शो 'पेटन प्लेस' के सह-निर्माता के रूप में भी काम कर चुके थे। हालांकि, उनकी असली पहचान फिल्म निर्देशन में ही बन पाई। उनकी मुलाकात मशहूर फिल्म निर्माता रोजर कोरमैन से हुई, जिसके बाद उन्होंने फीचर फिल्मों की दिशा में कदम बढ़ाया।

साल 1990 उनके करियर के लिए सबसे महत्वपूर्ण रहा। उस साल उन्होंने चार्ल्स विलेफोर्ड के उपन्यास पर आधारित फिल्म 'मियामी ब्लूज' का निर्देशन किया। इस फिल्म में एलेक बाल्डविन और फ्रेड वार्ड जैसे प्रमुख अभिनेता थे। फिल्म समीक्षकों और दर्शकों की ओर से समान रूप से सराही गई।

आर्मिटेज का टेलीविजन क्षेत्र में भी प्रभाव था। 1996 में उन्हें 'द लेट शिफ्ट' नाम की टीवी मूवी के लिए एमी अवॉर्ड में नामांकित किया गया। उनकी आखिरी फिल्म 2004 में 'द बिग बाउंस' थी, जिसमें ओवेन विल्सन और मॉर्गन फ्रीमैन जैसे बड़े सितारों ने अभिनय किया था।

### टॉलीवुड

## 'आरसी 16' के शीर्षक से जल्द उठेगा पर्दा, टीजर भी आएगा सामने



राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। हालांकि, अब राम चरण ने अपनी अगली फिल्म पर ध्यान केंद्रित कर लिया है। वह बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित अपनी अगली फिल्म के निर्माण में जुटे हुए हैं। फिल्म की शूटिंग फिलहाल हैदराबाद में चल रही है और टीम जल्द ही तीन सप्ताह के शेड्यूल के लिए दिल्ली जाने वाली है। फिल्म के शीर्षक का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। ऐसा लगता है कि निर्माता अब फिल्म के नाम से पर्दा उठाने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के बहुप्रतीक्षित शीर्षक की आधिकारिक घोषणा 27 मार्च, 2025 को की जाएगी। इस दिन राम चरण का जन्मदिन भी है। ऐसे में अभिनेता के जन्मदिन के मौके पर ही फैंस को खास तोहफा मिलेगा। खबर है कि शीर्षक के खुलासे के अलावा बुची बाबू सना एक छोटा सा टीजर भी जारी करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, इस बारे में निर्माताओं की ओर से आधिकारिक एलान का इंतजार है। फिलहाल इस फिल्म का अस्थाई नाम 'आरसी 16' रखा गया है और कहा जा रहा है कि यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा है, जिसमें क्रिकेट मुख्य विषय होगा। हाल ही में क्रिकेट से जुड़े कुछ मुख्य दृश्यों की शूटिंग एक विशेष रूप से निर्मित स्टेडियम सेट में की गई। इस फिल्म में राम चरण बिल्कुल नए लुक में नजर आएंगे, जिसका संगीत एआर रहमान ने दिया है। इस फिल्म में जान्हवी कपूर को मुख्य भूमिका में लिया गया है, जो राम चरण के साथ उनकी पहली फिल्म है। इस फिल्म का निर्माण पुष्पा के बैनर मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा किया जा रहा है।

रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि बुची बाबू सना ने फिल्म का टाइटल 'पेड्डी' चुना है, लेकिन अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच राम चरण सार्वजनिक तौर पर कम ही नजर आ रहे हैं, ताकि फिल्म से अभिनेता के लुक का खुलासा न हो। वहीं, अब राम चरण के जन्मदिन के मौके पर ही फिल्म से जुड़ा दिलचस्प अपडेट सामने आने का इंतजार है।

### भोजपुरी

## 22 साल में कोई नहीं तोड़ सका रिकॉर्ड बजट से 9900% ज्यादा की कमाई



भोजपुरी इंडस्ट्री की सबसे सफल फिल्म के बारे में हम आपको आज बताने जा रहे हैं कि कौन-सी ऐसी फिल्म है, जिसने सबसे ज्यादा कमाई की है और आज तक उसका रिकॉर्ड कोई तोड़ नहीं सका है। ये फिल्म कम पैसों में बनकर तैयार हुई थी और कमाई जानकर आपके भी तोड़े उड़ जाएंगे। इस फिल्म का नाम 'ससुरा बड़ा पैसावला' है। इसमें मनोज तिवारी अहम भूमिका में थे। इस फिल्म ने मुट्ठीभर बजट में कई झोले भरके कमाई की थी। 2003 में रिलीज हुई ये फिल्म 2 घंटे 44 मिनट की है। रीना चटर्जी ने इससे डेब्यू किया था और मनोज संग उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। अजय सिन्हा की डायरेक्टेड इस फिल्म को सुधार पांडे ने प्रोड्यूस किया था। इसे आप यूट्यूब पर देख सकते हैं। 164 मिनट की इस फिल्म के सभी गाने भी सुपरहिट रहे थे। श्रेया घोषाल, प्रदीप पंडित, कल्पना पटवारी, उदित नारायण, दीपा नारायण झा से लेकर विनय बिहारी ने अपनी आवाज से लोगों को दीवाना बना दिया था। 'ससुरा बड़ा पैसेवाला' भोजपुरी इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। 30-35 लाख के बजट में बनी इस मूवी ने दुनियाभर में करीब 35 करोड़ का कलेक्शन किया था। बताया जाता है कि इस फिल्म को देखने वालों की संख्या रोजाना बढ़ ही रही थी। जिस कारण ये थिएटर्स में करीब 5-6 महीने लगी थी। इसके सभी शो हाउसफुल रहते थे। फिल्म की अपार सफलता के बाद जब मेकर्स ने इस फिल्म का सीक्वल यानी 'ससुरा बड़ा पैसावला 2' लेकर आए। 21 फरवरी, 2020 को इसे थिएटर्स में रिलीज किया तो वह उस तरह से कमाई नहीं कर पाई।

## जेन जेड की पसंद

लाइफ स्टाइल



हाल के तीन दशक में जन्म लेने वाली पीढ़ी यानि जेन जेड की पसंद जगजाहिर है। ओवर साइज्ड कपड़े और रंगों की छटा बिखेरते डिजाइन इस पीढ़ी के फैशन की खासियत है। जेन जेड ऐसे ब्रांड पसंद करते है जो इन मूल्यों के अनुरूप हों। इसी के मुताबिक फैशन उद्योग बाजार में नए डिजाइन लांच कर रहा है।

## महाशिवरात्रि की पूजा में ऐसे कपड़े पहनकर दिखाएं सादगी भरा अंदाज

यदि आप महाशिवरात्रि की पूजा में अपना सादगी भरा अंदाज दिखाना चाहती हैं तो हमारे बताए गए आउटफिट्स पहनें, ताकि आपका अंदाज प्यारा दिखे। महाशिवरात्रि का त्योहार आज (26 फरवरी बुधवार) मनाया जा रहा है। ऐसे में लोगों ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। लोग इस दिन महादेव की पूजा-अर्चना करने के लिए मंदिर जाते हैं। बहुत से लोग अपने घरों में भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कराते हैं। इस पूजा के दौरान सही कपड़े पहनना बेहद जरूरी होता है। इसी के चलते हम आपको बताएंगे कि महाशिवरात्रि के दिन कैसे कपड़े पहनने चाहिए। दरअसल, रुद्राभिषेक की पूजा काफी लंबी चलती है, वहीं मंदिरों में भी लंबी-लंबी लाइनें लगती हैं। ऐसे में यदि आप सही कपड़े नहीं पहनेंगी तो उलझन में पड़ सकती हैं, क्योंकि गर्मी का मौसम भी शुरू हो गया है। इसी के चलते आपको सही कपड़े पहनना जरूरी है।

### पीली साड़ी

पीला रंग पूजा के समय पहनने के लिए काफी अहम माना जाता है। इसलिए आप चाहें तो महाशिवरात्रि की पूजा में ऐसी ही पीले रंग की साड़ी पहनें। इसके साथ बालों में जूड़ा बनाएं और



मेकअप को हल्का ही रखें। मेकअप डार्क रखेंगी तो आपको परेशानी हो सकती है। पीली साड़ी पहनते समय ध्यान रखें, कि ये ज्यादा हैवी नहीं होनी चाहिए।

### हरा सूट

हरा रंग भगवान शिव को काफी प्रिय है। इसलिए आप महाशिवरात्रि के दिन हरे रंग का सूट कैरी कर सकती हैं। इस तरह का सूट आपको सादगी भरा लुक देने में मदद करेगा। इसके साथ कानों में ईयररिंग्स भी पहनें। बस ध्यान रखें कि ये ईयररिंग्स ज्यादा हैवी नहीं होने चाहिए, वरना ये आपको परेशान कर सकते हैं।

### अंगरखा सूट

यदि कुछ अलग सा पहनने का मन है तो इस तरह का हरा अंगरखा सूट पहनें। अंगरखा सूट देखने में काफी खूबसूरत लगता है। इसके साथ दुपट्टा अवश्य कैरी करें। दुपट्टा उस वक्त आपके काम आएगा, जब पूजा करेंगी, क्योंकि पूजा के समय सिर पर दुपट्टा रखना जरूरी होता है।

### शरारा-सेट

यदि आप कुछ ऐसा कैरी करने का सोच रही हैं जो आरामदायक हो तो शरारा-कुर्ता एक परफेक्ट विकल्प है। इस तरह से शरारा सेट के साथ बालों को हल्का कर्ल करते हुए खुला रखें। चाहें तो गले में हल्का सा पैंडेंट पहन लें, जिससे आपका गला खाली न दिखे।

## फैमिली फंक्शन में स्टाइलिश लुक के लिए बेस्ट हैं थ्री पीस सूट



फैशन

शादी से पहले कई सारे खास फंक्शन होते है और ये फंक्शन संगीत, हल्दी साथ ही मेहंदी सेरेमनी के होते हैं। इस दौरान महिलाएं खूबसूरत नजर आना चाहती हैं और इसके लिए वो बेस्ट आउटफिट का चुनाव करती हैं। वहीं अगर आप वेडिंग फंक्शन में स्टाइलिश और ब्यूटीफुल लुक चाहती हैं तो आप थ्री पीस सूट वियर कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले थ्री पीस सूट दिखा रहे हैं जो वेडिंग फंक्शन में पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। वहीं इन सूट को स्टाइल करने के बाद आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।



### प्रिंटेड सिल्क 3 पीस सूट

अगर आप हल्दी के फंक्शन में हिस्सा ले रही हैं तो आप इस तरह का प्रिंटेड सिल्क 3 पीस सूट का चुनाव कर सकती हैं। यह सूट सिल्क में है और इस सूट में प्रिंट करके डिजाइन हुआ है। इस तरह का ड्रेस आप ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों जगहों से 1,500 से 3,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस तरह की ड्रेस के साथ आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी वियर कर सकती हैं साथ हो फुटवियर में आप मोजरी वियर कर सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क 3 पीस सूट

इस तरह का एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट आप संगीत सेरेमनी में वियर कर सकती हैं। इस ड्रेस में आप बेहद ही खूबसूरत एम्ब्रॉयडरी की गई हैं और इस सूट को आप रॉयल लुक पाने के लिए वियर कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस को आप ऑनलाइन या बाजार में जाकर 2,000 रुपये में खरीद सकती हैं। इस तरह का एम्ब्रायडरी वर्क 3 पीस सूट के सतह आप चोकर या फिर सिंपल-सी चैन टाइप नेकलेस वियर कर सकती हैं। संगीत फंक्शन में आप इस तरह का सूट भी स्टाइल कर सकती हैं। यह सूट पिंक कलर में है और इस सूट को वियर करने के बाद आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएग।

### ऑर्गेंजा 3 पीस सूट

न्यू लुक के लिए आप इस तरह का ऑर्गेंजा वाला 3 पीस सूट वियर कर सकती हैं। इस तरह का 3 पीस सूट को आप मेहंदी फंक्शन में वियर कर सकती हैं।

## मेकअप हटाने क्लींजिंग वाइप्स का कर रही इस्तेमाल तो जानिए तमाम पहलू

क्लींजर वाइप्स का इस्तेमाल कई लोग मेकअप हटाने या चेहरे को ताजगी देने के लिए करते हैं। हालांकि, यह पूरी तरह से सुरक्षित है या नहीं, यह आपकी त्वचा के प्रकार, इस्तेमाल की गई सामग्री और वाइप्स की क्वालिटी पर निर्भर करता है।

### क्लींजर वाइप्स के फायदे

त्वचा की सफाई – यात्रा या व्यस्त दिनों में तुरंत चेहरा साफ करने के लिए यह उपयोगी होते हैं। मेकअप रिमूवल – हल्के मेकअप को हटाने में मदद करते हैं, खासकर जब पानी और क्लींजर उपलब्ध न हो। सुविधाजनक और पोर्टेबल – इन्हें कहीं भी ले जाना आसान होता है।

### क्लींजर वाइप्स के संभावित नुकसान

हार्श केमिकल्स हो सकते हैं–कुछ वाइप्स में अल्कोहल, परफ्यूम और सल्फेट हो सकते हैं, जो संवेदनशील त्वचा के लिए हानिकारक हो सकते हैं। त्वचा को पूरी तरह साफ नहीं करते–यह सिर्फ सतह की गंदगी हटाते हैं, लेकिन डीप क्लीनिंग नहीं कर पाते। ड्राइनेस



और इरिटेशन–बार-बार इस्तेमाल करने से त्वचा रूखी और संवेदनशील हो सकती है।पर्यावरण पर प्रभाव–अधिकतर वाइप्स नॉन-बायोडिग्रेडेबल होते हैं, जिससे यह पर्यावरण को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### क्या करना चाहिए?

सिर्फ जरूरत पड़ने पर ही उपयोग करें, रोजमर्रा के लिए फेस वॉश या माइल्ड क्लींजर बेहतर विकल्प हैं।ऐसे वाइप्स चुनें जो अल्कोहल-फ्री और त्वचा के अनुकूल सामग्री से बने हों।मेकअप हटाने के बाद हमेशा चेहरे को पानी से धो लें और मॉइश्चराइजर लगाएं।सेंसिटिव स्किन वाले लोग डॉक्टर से सलाह लेकर ही इनका उपयोग करें।

## लगाने के तुरंत बाद आंखों का काजल बह जाता है तो ये हैक्स अपनाएं, लगा रहेगा घंटों तक

काजल न सिर्फ आंखों की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करता है, बल्कि साथ ही में इसकी वजह से आंखों को काफी लाभ भी मिलता है। महिलाओं और लड़कियों को काजल लगाना काफी पसंद भी होता है। पर, बहुत सी लड़कियों के साथ ये दिक्कत आती है कि उनकी आंखों का काजल ज्यादा देर तक टिकता नहीं है। लगाने के कुछ देर के बाद ही वो बहने लगता है और आंखों के नीचे काले धब्बे छोड़ देता है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करने के बाद आपका काजल घंटों तक टिका रहेगा। इन टिप्स को फॉलो करना काफी आसान है।

### आंखों को करें साफ

यदि आप आपको देर तक आंखों में काजल टिकाकर रखना है तो काजल लगाने से पहले आंखों के आसपास का तेल और गंदगी साफ करें। इसके लिए किसी अच्छे फेसवॉश या माइल्ड क्लींजर से चेहरा धोकर स्किन को ड्राई करें। टिश्यू की मदद से आंख के आस-पास की स्किन को सुखा जरूर लें,



वरना गीली त्वचा पर काजल फैल जाएगा।

काजल लगाने के पहले त्वचा को तैयार करना जरूरी है। इसके लिए सबसे पहले आंखों के नीचे हल्का पाउडर लगाएं। ये चेहरे के तेल को सोख कर काजल को स्मज-फ्री बनाता है। यदि आपकी त्वचा ऑयली है तो मैटिफाइंग प्राइमर बेहतरीन ऑप्शन है।

कार्नर न्यूज

### प्रोफेशनल लुक पर ध्यान देने से खुलते हैं तरक्की के रास्ते

## ऑफिस ड्रेसिंग चाहिए 'राइट' तो इन टिप्स को स्टाइल में जरूर करें शामिल, बॉस की भी मिलेगी तारीफ

*ऑफिस ड्रेसिंग कैसी होनी चाहिए? आप कहेंगे प्रोफेशनल लुक के लिए बस फॉर्मल कपड़े और जूते काफी हैं। लेकिन हम कहेंगे 5 टिप्स और जोड़िए आपनी ऑफिस ड्रेसिंग में। ये वो टिप्स हैं जो आपके लुक को फुल मार्क्स दिलाने में मदद करेंगे। ये वो टिप्स हैं जो आपको ऑफिस में लुक्स के मामले में पीछे नहीं रहने देंगे। लुक्स अच्छे होंगे तो आपका कॉन्फिडेंस भी मजबूत होगा। ऑफिस ड्रेसिंग में किन खास बातों का रखा जाना चाहिए ध्यान जानते हैं-*



### अपने लिए लेवल तय करें

आप भले ही ऑफिस में बड़े अधिकारी नहीं हैं। लेकिन फिर भी कपड़ों को बिलकुल परफेक्ट करके जाना भी ऑफिस ड्रेसिंग का जरूरी हिस्सा है। दरअसल कई लोग अपने पोजिशन के हिसाब से कपड़े पहनते हैं। मगर अच्छे कपड़ों में तैयार रहना बॉस के सामने आपकी पहली इमेज तो अच्छी बना ही देता है। उनको ये मैसेज मिल जाएगा कि आप आगे बढ़ने के लिए यहां आए हैं।

### दूसरों से अलग क्या

ऑफिस में दूसरों से अलग क्या पहनते हैं आप? शायद आपके पास इसका जवाब नहीं होगा। मगर सुझाव ये है कि आप ऑफिस के अपने कलीग के लुक्स पर ध्यान दीजिए। वो कौन से प्रिंट, पैटर्न और रंग पहनने हैं, इसको समझिए। अब आपको इन सबसे अलग ही कुछ पहनना है। ताकि आप बिलकुल अलग दिखें। याद रखिए कि अलग दिखने का मतलब ये भी नहीं है कि आप कुछ भी पहन लें।

### ऑफिस इंटीरियर के रंग

आपके ऑफिस में कैसा इंटीरियर किया गया है, ये तो आप जानते ही हैं। अब इन रंगों में से कुछ भी अपनी ड्रेसिंग के लिए ना लें। ब्लू, ग्रीन, ब्राउन और ग्रे के शेड वाले कॉर्पोरेट रंगों से मैच करते हुए कपड़े चुनिए। बहुत ब्राइट कलर न चुनें।

### क्वालिटी है जरूरी

आप पूरे हफ्ते में कितने कपड़े बदलते हैं, इससे ज्यादा जरूरी है कि आप किस क्वालिटी के कपड़े पहनते हैं। ऐसे कपड़े चुनिए जो अच्छे से फिट होते हों और आपके साइज के भी हों। ना ही ज्यादा ढीले और न ही ज्यादा टाइट कपड़े ही अच्छे लगते हैं। इन कपड़ों की क्वालिटी अच्छी हो, ये अच्छे से स्टिच भी हों, ये भी ध्यान रखें।

